हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 249, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 25 फरवरी, 2022 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

भाजपा ना तो 'पिता एंड संस' वाली पार्टी है और ना ही होगी : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा परिवारवादी पार्टियां हमेशा संविधान का अपमान करती हैं

अमेठी। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के गढ़ अमेठी में भाजपा के अमेठी, सुलतानपुर तथा रायबरेली के डलमऊ के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां हमेशा संविधान का अपमान करती हैं। परिवारवादी पार्टियां हमारी युवा प्रतिभा का नुकसान करती हैं। इसके विपरीत देश में भाजपा ही ऐसी पार्टी है कि जिसका आज कोई एक अध्यक्ष होता है तो कल कोई और होता है। भाजपा पिता एंड संस की प्राइवेट पार्टी नहीं है और ना ही कभी हो सकती है। परिवारवादी राजनीति में पार्टी का अध्यक्ष परिवार का होता है, सभी महत्वपूर्ण पदों पर उसी परिवार के लोग बैठे होते हैं। महत्वपूर्ण पदों पर दावेदारी उसी परिवार के सदस्यों की होती है। परिवारवादी राजनीति से भी देश का बहुत नुकसान होता है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भी उनका हर फैसला वोट बैंक की पॉलिटिक्स के हिसाब से ही होता है। ये फैसला अगर देशहित के खिलाफ हो, तो भी ये नेता उस फैसले को लेने में जरा भी नहीं हिचकते। उनकों देश की नहीं वोट बैंक की चिंता रहती है। एक समय था जब इन नेताओं ने वोटबैंक पॉलिटिक्स को, तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया, उसे खाद-पानी दिया। आज वोट बैंक की इसी पॉलिटिक्स ने, तुष्टिकरण की इसी राजनीति ने इन नेताओं को अपना बंधक बना लिया है। अब वोट बैंक की पॉलिटिक्स ही उनकी मजबूरी बन गयी है। पीएम मोदी ने कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद से कांग्रेस में दिक्कत आना शुरू हुई जब एक ही परिवार ने पार्टी पर कब्जा शुरू कर दिया। पूरे देश में बहुत सारी पार्टियां कांग्रेस को देखकर ये सीख गईं और पूरे लोकतंत्र को दीमक की तरह बहुत बड़ा नुकसान कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां यूपी में भी घोर परिवारवादियों ने कांग्रेस कल्चर को ही खुद में पूरा का पूरा उतार लिया है और उसी रंग में रंग

गए हैं। बीते कई दशकों से कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, एक ही परिवार की बंधक बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून-नियमों का पालन देश का प्रधानमंत्री भी करता है। प्रधानमंत्री की 100 वर्ष आयु की मां भी करती हैं। मेरी मां 100 वर्ष की हैं और उन्होंने भी लाइन नहीं तोड़ी। जब उनका नंबर आया, तब ही उन्होंने वैक्सीन लगवाई। मेरी मां ने बुस्टर डोज अभी नहीं लगवाया, क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं है। इसी जगह पर अगर ये परिवारवादी सरकार में होते तो सारी लाइनें तोड़कर खुद सबसे पहले वैक्सीन लगवाते। आप ये भी देखिए मैंने भी वैक्सीन तब लगवाई जब नियम से मेरा नम्बर आया। जब वैक्सीनेशन शुरू हुआ तो मोदी खुद दौड़कर सबसे पहले वैक्सीन लगवाने के लिए नहीं पहुंच गया। हमने पहले स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को, सफाई कर्मचारियों को, बुजुर्गों को, गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को वैक्सीन लगवाने का मौका दिया। कोविड वैक्सीन ने कोरोना से लड? की ताकत हर एक नागरिक में बढ़ा दी है। इसी के कारण देश में आज दुकानें खुली हैं, व्यापार खुला है, स्कूल-कॉलेज खुले हैं। इन परिवारवादियों का वैक्सीन को लेकर जो रवैया रहा है, वो भी पूरे उत्तर प्रदेश, पूरे देश ने देखा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को तो योगी जी ने दुरुस्त कर ही दिया है। अब हम भी ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि कोई भू-माफिया कभी आपके घर और जमीन को छू भी नहीं सकेगा। हम आपके घर, आपकी जमीन का पक्का कानूनी दस्तावेज तकनीक की मदद से तैयार करके आपको दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के 15 करोड़ लाभार्थियों को इस मुश्किल समय में मुफ्त राशन का डबल बेनिफिट मिल रहा है। यूपी के 1.65 करोड़ परिवारों को हमारी सरकार ने मुफ्त गैस कनेक्शन दिया है। यूपी के 34 लाख गरीब परिवारों को हमारी सरकार ने पक्का घर बनाकर दिया है।

शेयर बाजार जोरदार गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 2700 अंक से ज्यादा लुढ़का, निफ्टी 815 अंक टूटा

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के चलते भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को भूचाल आ गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक सेंसेक्स इस साल की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट के साथ 2702 अंक टूटकर 54,530 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक्स एक्सचेंज के निफ्टी सूचकांक का भी पूरे दिन बुरा हाल रहा। निफ्टी 815 अंक की जोरदार गिरावट के साथ 16,227 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स ने 1850 अंक की भारी गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। हालांकि, कुछ देर बाद इसमें कुछ सुधार दिखा और गिरावट कम होकर 1430 अंक रह गई। लेकिन जैसे-जैसे रूस और यूक्रेन की खबरें सामने आती गई, बाजार में गिरावट और तेज होती गई। एक समय बीएसई का सेंसेक्स 2800 अंक तक लुढ़क गया था। बता दें कि आज आई इस गिरावट के चलते निवेशकों के नौ लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए हैं। दूसरी ओर निफ्टी पर भी युद्ध का असर दिखाई दे रहा है और यह 414 अंकों की भारी गिरावट के साथ 16,648 के निचले स्तर पर खुलकर दिनभर लाल निशान पर कारोबार करता रहा।

व्हाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक मैसेज के लिए एडमिन नहीं होंगे जिम्मेदार

नई दिल्ली। यदि आप भी किसी व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन हैं तो आपके लिए राहतभरी खबर है। केरल हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि किसी भी व्हाट्सएप ग्रुप में आने वाले किसी भी आपत्तिजनक मैसेज के लिए ग्रुप एडमिन परोक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं होगा।

कोर्ट ने यह फैसला एक मामले की सुनवाई के बाद सुनाया। दरअसल मार्च 2020 में 'फ्रेंड्स' नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो शेयर किया गया था जिसमें यौन कृत्यों में शामिल बच्चों को दिखाया गया था। इस ग्रुप को भी याचिकाकर्ता ने ही बनाया था और वही एडमिन थे। याचिकाकर्ता के अलावा दो अन्य भी एडमिन थे जिनमें से एक आरोपी था। पहले आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी (ए), (बी) और (डी) और यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 13, 14 और 15 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में एडमिन होने के नाते याचिकाकर्ता को भी आरोपी बनाया गया जिसके बाद याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने कहा कि एक व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन के पास अन्य सदस्यों पर एकमात्र विशेषाधिकार यह है कि वह ग्रुप से किसी भी सदस्य को हटा सकता है या एड कर सकता है। किसी व्हाट्सएप ग्रुप का कोई सदस्य ग्रुप में क्या पोस्ट कर रहा है, इस पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है। वह किसी ग्रुप के मैसेज को मॉडरेट या सेंसर नहीं कर सकता है।

जस्टिस कौसर एडप्पागथ ने कहा कि आपराधिक कानून में परोक्ष दायित्व केवल तभी तय किया जा सकता है, जब कोई कानून ऐसा निर्धारित करे और फिलहाल आईटी एक्ट में ऐसा कोई कानून नहीं है। उन्होंने कहा कि एक व्हाट्सएप एडमिन आईटी अधिनियम के तहत मध्यस्थ नहीं हो सकता है।

अडानी ने इस साल जितना कमाया दुनिया के सबसे बड़े रईस मस्क ने उससे ज्यादा एक दिन में गंवा दिया

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को बुधवार को 13.3 अरब डॉलर यानी एक लाख करोड़ रुपये का झटका लगा। उनकी नेटवर्थ अब 200 अरब डॉलर से भी नीचे आ चुकी है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 71.1 अरब डॉलर की गिरावट आई है। मस्क की नेटवर्थ पिछले साल चार नवंबर को 340.4 अरब डॉलर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें 140 अरब डॉलर से अधिक गिरावट आई है। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ने दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट आई है और मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला को भी इसका नुकसान हुआ। बुधवार को लगातार चौथे दिन टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई और यह सितंबर के बाद न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। इससे मस्क की नेटवर्थ में भारी गिरावट आई। हालांकि अब भी वह 198.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे बड़े रईस बने हुए हैं। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 169 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। पिछले साल अप्रैल में उनकी नेटवर्थ 200 अरब डॉलर को पार कर गई थी और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले अरबपति थे। लेकिन तबसे उनकी नेटवर्थ में गिरावट आई है। इस साल बेजोस की नेटवर्थ में 22.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

यूक्रेन का बड़ा दावा- रूस के 50 सैनिक किए ढेर, 6 विमान भी मार गिराए

कीव। यूक्रेन पर रूस का हमला अभी भी जारी है। रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर हमला बोल दिया था। रूस ने कहा कि वो सिर्फ युक्रेन के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। रूस ने युक्रेन के एयरबेस को तबाह करने का भी दावा किया था। वहीं, यूक्रेन ने कहा कि रूस के हमले में उसके कुछ नागरिक मारे गए हैं। इसी बीच, यूक्रेन ने बड़ा दावा किया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने रूस के 50 सैनिक मार गिराए हैं। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने रूस के चार टैंकों को भी ध्वस्त किया है। यूक्रेन की सेना ने उसने पूर्वी शहर कीव के पास एक सड़क पर चार रूसी टैंकों को नष्ट कर दिया। इसके अलावा लुहान्स्क क्षेत्र के एक शहर के पास 50 सैनिकों को भी मार डाला। सेना ने रूस के 6 लड़ाकू विमानों को भी मार गिराने का दावा किया है। हालांकि, रूस ने यूक्रेन के दावों का खंडन किया है। वहीं, यूक्रेन की बार्डर गार्ड सर्विस ने कहा कि उसके तीन जवान मारे गए हैं। इसके अलावा कई जख्मी भी हैं।

यूक्रेन के 40 से ज्यादा सैनिक भी मारे गए- वहीं, रायटर्स के मुताबिक, यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के सलाहकार ने कहा कि युद्ध में 40 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे गए और कई दर्जन घायल हुए हैं।

भारी बर्फबारी के बीच किश्तवाड़ में अनंतनाग के लिए पैदल निकले 6 लोग लापता, 50 पर्यटकों को पुलिस ने बचाया

श्रीनगर। भारी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए सोनमर्ग पहुंचे करीब 50 पर्यटकों को पुलिस ने सुरक्षित निकाल लिया है। कश्मीर में पिछले दो दिनों से हो रही बर्फबारी के बाद सोनमर्ग के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ गिरते देखने के लिए पहुंचे ये पर्यटक वहां फंस गए थे। पुलिस ने अभियान चलाकर इन्हें सुरक्षित निकाल लिया। इसी बीच, किश्तवाड़ से अनंतनाग के लिए पैदल निकले वारवान गांव के छह लोग बर्फबारी के बीच लापता हो गए हैं। उन्हें ढूंढने के लिए सेना ने विशेष अभियान चलाया है। अभी तक लापता लोगों का कुछ पता नहीं लग पाया है। एसएसपी गांदरबल निखिल बोरकर ने बताया सोनमर्ग के ऊपरी इलाके गगनगीर में पड़ी बर्फ का आनंद लेने के लिए पहुंचे पर्यटक वहां फंस गए हैं। सड़क पर बर्फ की मोटी चादर बिछ जाने की वजह से उनकी गाड़ियां वहीं जाम हो गई थीं। पुलिस को जब इन लोगों के बारे में पता चला तो गांदरबल पुलिस ने विशेष अभियान चलाया और इन पर्यटकों को पहले तो गगनगीर से सोनमर्ग लाया गया और वहां उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने के बाद श्रीनगर भेज दिया गया। पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने जीवन की उम्मीद ही छोड़ दी थी। लेकिन पुलिस के जवानों ने उनका जीवन बचा लिया। पुलिस दल को देखकर उनकी जान में जान आई। उन्होंने बताया पुलिस ने बर्फ में फंसे हमारे वाहनों को निकाला। इसके बाद हमें सोनमर्ग लाया गया और बाद में वहां से श्रीनगर भेज दिया गया। वहीं जिला किश्तवाड़ के वारवान गांव से दक्षिण कश्मीर के जिला अनंतनाग के लिए पैदल निकले छह लोग लापता हो गए हैं। आपदा प्रबंधन निदेशक आमिर अली ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ये लोग अपने घर से अनंतनाग के लिए पैदल निकले थे। मार्गन टाप पहुंचने पर उन्होंने अपने घर में यह जानकारी दी थी कि यहां बहुत बर्फबारी हो रही है।

यूक्रेन के राजदूत ने पीएम मोदी से लगाई मदद की गुहार कहा- दुनिया में भारत ही कम कर सकता है तनाव

मास्को। रूस के ऐलान के बाद यूक्रेन में लगातार स्थिति बिगड़ती जा रही है। यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई जगह हुए धमाकों के बाद यूक्रेन में मार्शल ला लगा दिया गया है। इतना ही नहीं यूक्रेन ने दावा किया है कि उन्होंने पांच रूसी विमानों और एक रूसी हेलीकाप्टर को मार गिराया है। साथ ही यूक्रेन ने दावा किया है कि उनके हमले में 50 रूसी सैनिक भी मारे गए हैं। वहीं भारत में यूक्रेन के राजदूत ने प्रधानमंत्री मोदी से पूरे मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान' की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा युद्ध को टाला नहीं जा सकता। राष्ट्रपति ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अगर यूक्रेन पीछे नहीं हटता है तो जंग होकर रहेगी। पुतिन ने यूक्रेनी सेना को धमकी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द हथियार डाल दें नहीं तो युद्ध को टाला नहीं जा सकता है। वहीं यूक्रेन से लगातार धमाकों की

आवाज सुने जाने की खबर आ रही है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अलग-अलग जगहों पर ब्लास्ट का दावा कर रहे हैं।

रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात करें पीएम मोदी- यूक्रेन के राजदूत- यूक्रेन के राजदूत ने कहा यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे तनाव में भारत अहम भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने पीएम मोदी से अपील करते हुए कहा कि वो तुरंत यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से इस बारे में बात करें। मोदी जी इस समय बहुत बड़े नेता हैं, हम उनसे मदद की अपील करते हैं, दुनिया में तनाव को भारत ही कम कर सकता है।

पीएम मोदी करें हस्तक्षेप- यूक्रेन के राजदूत- भारत में यूक्रेन के राजदूत डा इगोर पोलिखा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की गुजारिश की है। यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि भारत के संबंध रूस से अच्छे हैं, पीएम मोदी से गुजारिश है कि वे रूस के साथ बात कर इस तबाही को रोकें।

योगी को कुटिया बनाने के लिए दे दूंगा जमीन : हरीश रावत

प्रयागराज। उत्तराखंड में चुनाव संपन्न होने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रचार में जुट गए हैं। बुधवार को प्रयागराज पहुंचे हरीश रावत ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ पर तंज कसा और कहा कि हार के बाद उन्हें कुटिया बनाने के लिए उत्तराखंड में जमीन दे देंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि उत्तराखंड में बीजेपी की हार होगी। चुनाव के नतीजे घोषित होने से पहले ही सीएम पद के लिए दावेदारी जताने में जुटे हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस को बहुमत मिलेगा। उन्होंने यूपी में भी बीजेपी की हार का दावा करते हुए सीएम योगी पर कटाक्ष किया। हरीश रावत ने कहा, "बीजेपी को उत्तराखंड से भगा दिया गया है। हम सीएम योगी को (यूपी में चुनाव हारने के बाद) उत्तराखंड में कुटिया बनाने के लिए जगह दे देंगे।" गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ का जन्म अविभाजित यूपी के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था, जो अब उत्तराखंड में है। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा को खदेड़ दिया और अब यूपी में भी ऐसा होगा। प्रयागराज त्रिवेणी संगम का क्षेत्र है। प्रयाग की माटी से कांग्रेस का पुराना नाता है। इस लगाव को अब ऊर्जा देने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यूपी की जनता के अरमान रौंदने का काम किया। ऐसे में अब कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। कोरोनाकाल में लोग बेबसी के हाल में घरों को लौटे। सरकार ने लोगों को मरने के लिए सड़कों पर छोड़ दिया था।

पुतिन के आदेश के बाद यूक्रेन में धमाके, कीव के दोनबास इलाके पर कब्जे की ओर रूसी सेना

कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हरी झंड़ी मिलने के बाद रूसी सेना ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया है। यूक्रेन की राजधानी कीव में जोरदार धमाके की आवाजें सुनी गई हैं। रूस के राष्ट्रपति ने यूक्रेन के दोनबास इलाके में रूसी सेना को घुसने का आदेश दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि दुनिया के किसी देश ने इसमें हस्तक्षेप की कोशिश की तो परिणाम भयानक होंगे। यूक्रेन के पूर्वी इलाके में स्थित डोनेट्स्क और लुहान्स्क सम्मिलित रूप से डोनबास क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। दोनबास इलाके में रूस के समर्थन वाले अलगाववादियों का कब्जा है। यूक्रेन के ये इलाके 2014 से ही यूक्रेनी सरकार के नियंत्रण से बाहर हैं और खुद को स्वतंत्र पीपुल्स रिपब्लिक घोषित किया हुआ है। हालांकि, महत्वपूर्ण बात यह है कि इन इलाकों को रूस और बेलारूस ने ही मान्यता दी है। यूक्रेन की सरकार का आरोप है कि डोनबास क्षेत्र में जारी संघर्ष में अब तक 15000 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि रूस खुद को इस संघर्ष का एक पक्ष बताए जाने से इनकार करता रहा है।

रूस की सरकार दोनबास इलाके के लोगों की कई तरह से मदद करती है। इसमें गुप्त सैन्य सहायता, वित्तीय मदद, कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति और इस इलाके के 800000 लोगों को रूसी पासपोर्ट तक जारी किया गया है। इसके बावजूद रूस इन लोगों की सहायता

से हमेशा से इनकार करता रहा है। डोनबास क्षेत्र में रूसी भाषी नागरिकों की संख्या ज्यादा है। ये लोग खुद को रूस के ज्यादा नजदीक मानते हैं, वहीं यूक्रेनी सरकार इन्हें अलगाववादियों के रूप में देखती है। रूस की सरकार का आरोप है कि यूक्रेनी सरकार इन इलाकों में बड़े पैमाने पर हिंसा कर रही है। खुद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनबास क्षेत्र में यूक्रेनी सेना की कार्रवाईयों को नरसंहार बता चुके हैं। पुतिन सरकार का आरोप है कि यूक्रेन में पश्चिम समर्थित तख्तापलट के कारण सत्ता में आई सरकार 2014 से स्व-घोषित डोनेट्स्क और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक के खिलाफ युद्ध छेड़ रही है। डोनबास क्षेत्र में यूक्रेन के खिलाफ कई हिंसक प्रदर्शन भी हो चुके हैं। इन्हीं प्रदर्शनों को कुचलने के लिए यूक्रेन ने कई बार बल प्रयोग भी किया है। रूस का आरोप है कि यूक्रेन डोनबास में रूसी भाषी लोगों पर अत्याचार कर रहा है, इस कारण वहां के लोग विद्रोह कर रहे हैं।

यूक्रेन 1990 के पहले तक सोवियत संघ का हिस्सा था। आज से 30 साल पहले सोवियत संघ के विघटन के समय यह वर्तमान रूस से अलग हुआ था। यूक्रेन के हिस्से में सोवियत संघ के जमाने के कई महत्वपूर्ण स्थल, बंदरगाह और सैन्य निर्माण ईकाईयां आईं थीं। हालांकि, आजादी के बाद यूक्रेन परंपरागत तौर पर रूस का हमदम बना रहा। साल 2014 तक विक्टर यानुकोविच के राष्ट्रपति पद से अपदस्थ होने तक दोनों देशों के रिश्ते काफी मजबूत थे।

इंदौर से 125 किमी दूर निमाड़ में महसूस किए गए भूकंप के झटके, लोगों में दहशत

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर से 125 किमी दूर निमाड़ में आज (वीरवार) सुबह 4 बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलाजी ये मिली जानकारी के अनुसार ये भूकंप इंदौर से 125 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम में था, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई है। जिस समय भूकंप आया उस समय अधिकतर लोग अपने घरों में सो रहे थे।

लेकिन धरती को दहलते ही लोगों की नींद खुल गई और दहशत के कारण कुछ लोग घरों के बाहर निकल आए। गौरतलब है कि गुजरात के कच्छ जिले में भी बुधवार दोपहर 3.4 तीव्रता का भूकंप आया था। जिला प्रशासन अधिकारियों के अनुसार भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) से मिली जानकारी के अनुसार भचाऊ के पास दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप का केन्द्र भचाऊ से 12 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पश्चिम में 12 किलोमीटर की गहराई में बताया गया था। जिला प्रशासन का कहना है कि भूकंप के कारण किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। कच्छ अत्याधिक उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है और वहां नियमित रूप से कम तीव्रता के भूकंप के झटके अक्सर महसूस किए जाते हैं। इस जिले में जनवरी 2001 में 6.9 की तीव्रता का भीषण भूकंप आया था जिससे जानमाल का काफी नुकसान हुआ था। इस भूकंप से बहुत से लोग बेघर हो गए थे। कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए लेकिन गनीमत रही कि यहां किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ।

चिंतन मनन

भारत पर नजर

यूरोप में इन दिनों सामरिक हालातों के बीच दुनिया की नजर अब एशिया के रुख पर है। विशेष रूप से विश्व की दो महाशक्तियां रूस व अमेरिका भारत के अगले कदम का इंतजार कर रही हैं। अमेरिका चाहता है कि, यूक्रेन मसले पर भारत उसके पक्ष में खड़ा हो, लेकिन रूस ने भारत को अपनी पुरानी दोस्ती का हवाला दिया है। यूक्रेन पर हमले की तैयारी कर रहे रूस को लेकर भारत के नरम रुख पर अमेरिका ने हैरानी जताई है। अमेरिकी मैगजीन इंटरनेशनल अफेयर्स ने कहा है यूरोप समेत दुनिया के तमाम हिस्सों से यूक्रेन पर रूस की कार्रवाई की निंदा के स्वर उठे हैं, लेकिन भारत ने इस पर चुप्पी ही रखी है। अमेरिकी पत्रिका में कहा गया कि यदि भारत इस मसले पर रूस की निंदा करता है तो इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा और यह साबित होगा कि वह अमेरिका के साथ अपने रिश्तों को लेकर भविष्य में भी गंभीर रहने वाला है। इसके अलावा वह चीन के स्टैंड से भी अलग नजर आएगा। मौजूदा परिस्थिति में भारत यदि अमेरिका का समर्थन करता है तो फिर पुराने दोस्त रूस से नाराजगी का खतरा होगा, जिसके चीन लगातार करीब जा रहा है। इसके अलावा यदि वह रूस के साथ जाता है तो सबसे अहम और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण साथी अमेरिका को खो देगा। वहीं तटस्थता बरतने की स्थिति में दोनों ही देशों की नाराजगी का संकट रहेगा। दरअसल, यूक्रेन मसले पर आक्रामक हो चुका रूस इन दिनों कई बड़े आर्थिक व व्यावसायिक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। पश्चिमी देश उस पर एक के बाद एक प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच रूस ने भारत से साथ देने की अपील की है। वहीं रूस और यूक्रेन में युद्ध के गहराते संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बिरादरी दो खेमों में बट गई है। यूक्रेन में रूसी सेना घुस गई है। रूस ने पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थित अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता दी है। इस कदम के बाद अमेरिका, यूरोप सहित ज्यादातर बड़े मुल्क रूस के खिलाफ खड़े हो गए हैं। भारत से भी उनकी वैसी ही अपेक्षा है। चार देशों के समूह क्वाड में इकलौता भारत है जिसने रूस की आक्रामकता के खिलाफ नहीं बोला है। इस पूरे मामले से उसने खुद को अलग रखा है। बेशक, रूस भारत का करीबी दोस्त रहा है। लेकिन, इसमें चीन फैक्टर को भी नकारा नहीं जा सकता है। बीते कुछ समय में चीन की आक्रामकता बढ़ी है। ऐसे में भारत रूस के खिलाफ बोल बैठे-बैठाए एक भरोसेमंद साथी को गंवाना नहीं चाहता है। चीन को चेक करने में रूस की वो कभी भी मदद ले सकता है। वैसे, रूस-यूक्रेन संकट के बीच भारत बहुत सधे कदम रख रहा है। यह संकट दुनिया के समीकरण बनाने और बिगाड़ने की ताकत रखता है। भारत की स्थिति संवेदनशील है। उसके संबंध रूस के साथ-साथ अमेरिका और अन्य यूरोपीय मुल्कों से भी अच्छे हैं। वहीं, हाल में चीन बहुत ज्यादा आक्रामक हुआ है। बेशक, रूस से हमारी दोस्ती पुरानी है। लेकिन, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि अपने हितों के लिए वह भारत के हितों को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। जियो पोलिटिकल एंगल से देखा जाए तो भारत का इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। क्योंकि पहली बात तो यह कोई बड़ा युद्ध नहीं है। दूसरा, भारत से दूसर यह यूक्रेन रूस-नाटो-अमेरिका के इर्द-गिर्द यह धुरी घूम रही है। अमेरिका जरूर वॉशिंगटन से भारत पर दोनों देशों की दोस्ती की दुहाई देकर यह यह दबाव डाल रहा है कि भारत उसका साथ दे। हालांकि खुद अमेरिका भी यह जानता है कि रूस और भारत भी परंपरागत साझेदार हैं। इसलिए भारत इस मसले पर किसी भी एक का साथ नहीं देगा। कोरोना काल में दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। ऐसे में चाहे अमेरिका हो, रूस या फिर नाटो के कोई देश, कोई भी युद्ध का खतरा मोल नहीं लेना चाहेगा। फिर भी यदि हालात और गरमा गए तो भारत अपनी ओर से पूरी कोशिश करेगा कि लड़ाई न हो। लड़ाई की स्थति में भारत किसी भी पक्ष का साथ नहीं देगा, क्योंकि भारत पॉलिसी ही यही है कि वह युद्ध की नीति पर नहीं चलता।

हो रही बमबारी !

शुरू हो गया युद्ध ।
हो रही बमबारी ।।
देश हो कमजोर जब ।
बढ़ जाती लाचारी ।।
आ रहा है हमले में ।
ये कैसा आनंद ?
हवा महात्वाकांक्षा की ।
तेज है या मंद ?
सैनिक तोप विमान ।
दिया अब उतार ।।
दे दनादन शुरू किया ।
बोल कर प्रहार ।।
संकट में मानवता ।
है मचा अंधेर ।।
समय पर ना चेते ।
हो जाएगी देर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

"चलना है तेरा काम..गीत को स्वरबद्ध करने वाले बप्पी लाहिरी आखिर चल ही दिए"

अभी संगीत की दुनिया के साथ-साथ हम सब भी स्वर कोकिला लता दी के गम से उबर भी नहीं पाए थे कि बॉलीवुड के पहले रॉक स्टार बप्पी लहरी (बप्पी दा) के जाने की दुःखद खबर पाकर सभी अत्यंत दुखी हैं।

बप्पी दा का जाना बॉलीवुड संगीत की दुनिया की अपूरणीय क्षति है,किन्तु एक कलाकार कभी मरता नहीं है ,वह तो जिंदा रहता है हमेशा लोगों के दिलों में अपनी कला व अपनी आवाज के रूप में। बप्पी दा पिछले दिनों से बीमार चल रहे थे और 69 साल की उम्र में मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां 15 फरवरी 2022 की रात 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली और वह रात उनके जीवन की आखिरी रात बन गयी। बप्पी दा ने अपने गायन के सफर की शुरूआत तो बांगला सिनेमा से की थी, हाँ लेकिन उन्हें जो पहचान मिली वो बॉलीवुड से ही मिली है ।

"प्यार कभी कम ना करना सनम..." एक बेहद खूबसूरत गीत है साथ ही चलते-चलते का .."चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना..कभी अलविदा ना कहना.."

"तम्मा तम्मा लोगे..." के अलावा अनेक डिस्को गीतों को अपनी आवाज से सजाने वाले बप्पी लाहिरी को हिंदी सिनेमा में डिस्को किंग के नाम से जाना जाता है। 80 के दशक में उन्हें 'आई एम ए डिस्को डांसर' गाना गाया, जो बहुत पंसद किया गया और बच्चे-बच्चे की जुबान पर ये गाना छाया हुआ था व हर कोई थिरकने लगता था एक और गीत बप्पी दा का जो बेहद मशहूर रहा "औव्वा ओ..ओ..." मशहूर संगीतकार और गायक बप्पी लाहिड़ी ने छोटी सी उम्र से ही गीत-संगीत की तैयारी शुरू कर दी थी। जब वह तीन साल के थे तो तबला बजाना सीखने लगे। किशोर कुमार उनके मामा थे और उन्हें ही बप्पी दा को संगीत के क्षेत्र में लाने का श्रेय जाता है। बप्पी लाहिड़ी जब उन्नीस साल के थे तो कोलकाता से मुंबई आ गए थे।

साल 1973 में उन्हें 'नन्हा शिकारी' फिल्म में संगीत देने का काम मिला। उन्होंने अपने माता पिता से ही संगीत सीखा था और इससे पहले बंगाली फिल्म में भी गाना गाया था और उनके पिता अपरेश लाहिड़ी बंगाली गायक थे और मां बांसुरी लाहिड़ी संगीतकार थीं। हालांकि बप्पी लाहिड़ी को पहचान 1975 में आई फिल्म जख्मी से मिली। इस फिल्म में उन्होंने रफी और किशोर कुमार के साथ गाना गाया। बप्पी लाहिड़ी भारतीय संगीत जगत के इकलौते ऐसे संगीतकार थे जिन्हें माइकल जैक्सन ने अपने पहले शो में बुलाया था। 1996 में यह लाइव शो मुंबई में हुआ था। हिंदी संगीत में पॉप का मिश्रण लाने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। बप्पी लाहिड़ी ने बॉलीवुड गीतों में पॉप का ऐसा तड़का लगाया जो कि हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देता और भारतीय दर्शकों को एक नया स्वाद प्रदान किया। उनके डिस्को संगीत के तो लोग दीवाने और जब-जब भी उनके डिस्को या पॉप संगीत सुनकर लोग झूमने लगते थे और आज भी जब-जब उनके गीत लोग सुनेंगे तो खुद को थिरकने से रोक नही पाएंगे। बप्पी दा नहीं रहे लेकिन अपनी आवाज,अपने गीत-संगीत के रूप में वो हमेशा लोगो के दिलों में जिंदा रहेंगे। संगीत के साथ ही बप्पी लाहिड़ी राजनीति में भी आये किन्तु वहां उन्हें सफलता न मिल सकी। बप्पी दा को संगीत में उनके योगदान के लिए 63 वें फिल्मफेयर अवाड्र्स में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था इसके अतिरिक्त भी उन्हें अनेक पुरस्कार व सम्मान से सम्मानित किया गया। 27 नवंबर 1952 को कोलकाता में जन्में बप्पी लाहिड़ी हर समय सोने से लदे रहते थे और इस कारण भी उनकी एक अलग ही पहचान थी। उनका मानना था कि सोना उनके लिए लकी है। वह लाखों रुपये के आभूषण हर समय पहने नजर आते हैं और उनकी पहली चेन उनकी मां ने उन्हें उपहार स्वरूप भेंट की थी तो वहीं दूसरी चेन उनकी पत्नी ने तोहफे में दी थी। संगीत की दुनिया के इस बादशाह को शत-शत नमन ,विनम्र श्रद्धांजलि।

नौकरी से बाहर होने के समय करें ये काम

अगर किसी कारण से अपकी नौकरी या रोजगार में बाधा आई है और आप कुछ समय के लिए उसे जारी नहीं रख पा रहे हैं तो इस कठिन समय में भी आप कुछ तैयारियां करते रहें क्योंकि करियर में ब्रेक के बाद लोगों को नई नौकरी या रोजगार तलाशने में काफी सारी परेशानियों को सामना करना पड़ता है और अगर मिल जाए तो भी लय में आने में समय लगता है। इसलिए अगर आप भी करियर में ब्रेक के बाद फिर से नौकरी करने की तैयारी कर रहे है तो ये इन बातों का ध्यान रखें

फ्रीलांस– करियर में ब्रेक लेने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप बिल्कुल आराम से बैठे रहें बल्कि आप घर बैठे-बैठे ही फ्रीलांस के तौर पर काम कर सकते है। आमतौर पर नियोक्ता उन्हीं लोगों को प्राथमिकता देते हैं जो काम कर रहे हों। अगर आपका रेज्यूमे आपको जॉब मार्केट से बाहर दिखाता है तो काम मिलने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में फुल टाइम काम छोड़ने के बाद भी कुछ न कुछ फ्रीलांस लेते रहें, भले ही इसमें आपको टाइम मैनेजमेंट करना पड़े और पैसे भी आपके अनुसार न हों।

घर से कर सकते हैं काम– बड़े शहरों में दूरियों के कारण कई बड़ी कंपनियां अपने एम्प्लॉयीज को वर्क-फ्रॉम-होम या फ्लैक्जी- आर की सुविधा देती हैं। अगर कोई कंपनी कम घंटों का काम, घर से काम या प्रोजेक्ट-बेस्ड काम देती हैं और आपकी परिस्थितियां काम की इजाजत देती हैं, तो हर हाल में काम करें।

ब्रिज प्रोग्राम– कई बड़ी कंपनियां इस तरह के प्रोग्राम करती हैं ताकि वे करियर से ब्रेक लिए हुए स्किल्ड लोगों को खुद से दोबारा जोड़ सकें। यह किसी ब्रिज की तरह काम करता है और आपको तकनीकी रुप से या किसी भी तरह की अपेडट की ट्रेनिंग देती है ताकि आप अपने को अलग-थलग न पाएं। कंपनी आपको अस्थायी तौर पर काम पर रखती है, ट्रेनिंग देती है और अच्छे प्रदर्शन के बाद काम पर रख लेती है।

नेटवर्किंग करें– कई बार लम्बे समय तक काम से दूर रहने की वजह से अपने काम से जुड़े लोगों से नेटवर्क टूट जाता है, कम ही लोग हैं जो काम छोड़ने के बाद भी पेशेवर नेटवर्किंग कर पाते हैं। पेशेवर लोगों से दोबारा संपर्क और संबंध के लिए कई संस्थाएं वर्कशॉप चलाती हैं। इनका रजिस्ट्रेशन पहले से करवाना होता है और आमतौर पर इनका कोई शुल्क भी होता है। इसमें आपको अपने पेशे से संबंधित एचआर हेड्स से मिलने का मौका मिलता है।

संकीर्णता व दोहरेपन का शिकार प्रवासी मुद्दा

भारतीय संविधान देश के किसी भी राज्य अथवा किसी भी केंद्र शासित प्रदेश के किसी भी नागरिक को देश के किसी भी राज्य अथवा किसी भी केंद्र शासित प्रदेश में जाकर रोजगार,सेवा अथवा व्यवसाय करने का पूरा अधिकार देता है। परन्तु इसके बावजूद समय समय पर कुछ विशिष्टजन विशेषकर जिम्मेदार नेतागण ऐसी भाषा बोलने लगते हैं जिससे न केवल प्रवासी लोगों के मन में अपनी सुरक्षा के प्रति भय उत्पन्न होता है बल्कि इससे हमारी राष्ट्रीय एकता पर भी गहरा आघात लगता है। प्रायः उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, राजस्थान व उत्तरांचल के लोग ही रोजगार की तलाश में अथवा नौकरी या व्यवसाय की खातिर देश के विभिन्न हिस्सों में आते जाते रहते हैं। इनमें भी विशेषकर उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे देश के दो सबसे बड़े राज्यों के छात्र,कामगार,श्रमिक खास तौर पर मुंबई,दिल्ली,पंजाब व हरियाण जैसे राज्यों में बहुतायत में जाते हैं।इसका मुख्य कारण जहाँ इन राज्यों का जनसँख्या घनत्व है वहीँ अशिक्षा व बेरोजगारी भी इन राज्यों की बड़ी समस्या है। इत्तेफाक से यही देश के ऐसे दो बड़े राज्य भी हैं जो हमेशा ही देश को सबसे अधिक संख्या में नौकरशाह मुहैय्या करवाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी प्रायः इन्हीं राज्यों का वर्चस्व रहा है। अनेक महापुरुष व राजनेता इन्हीं दो राज्यों के रहे हैं। कितने सौभाग्यशाली है उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्य की धरती कि यह भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह,संत रविदास,महात्मा बुद्ध,कबीर,तुलसी व कई अन्य महापुरुषों की यह जन्म व कर्मस्थली भी रही है।

परन्तु कितने दुःख का विषय है कि इन्हीं राज्यों के लोग समय समय पर कुछ संकीर्ण क्षेत्रीय मानसिकता रखने वाले नेताओं की संकीर्ण सोच व तंग नजरी का शिकार होने लगते हैं। और कभी कभी तो ऐसा भी देखा गया है कि यदि अपराधी प्रवृति के किसी प्रवासी ने कहीं कोई अपराध अथवा दुष्कर्म कर दिया तो स्थानीय लोग उसका गुस्सा पूरे प्रवासी समाज पर उतारने पर आमादा हो जाते हैं। उदाहरण के तौर पर सितंबर 2018 में गुजरात राज्य के साबरकांठा में एक मासूम बच्ची के साथ एक मजदूर ने बलात्कार किया था। बलात्कार का आरोपी बिहार का रहने वाला था। इस घटना के बाद गुजरात के कई शहरों में उत्तर भारत के लोगों के विरुद्ध न केवल विरोध-प्रदर्शन हुये बल्कि कई जगह उनके विरुद्ध स्थानीय लोगों की भीड़ हिंसक भी हो गयी। हिंसा पर उतारू भीड़ का कहना था कि यूपी और बिहार के लोग शहर से चले जाएं वरना उन्हें मार दिया जाएगा। वे कहते सुने जा रहे थे कि 'बाहरी लोग राज्य छोड़ दें' साथ ही यह भी कि 'गुजराती लोगों को बचाया जाना चाहिए'। इस हिंसा के बाद डरे सहमे उत्तर भारतीयों ने अपने-अपने राज्य-घर-गांवों की ओर बड़ी संख्या में पलायन करना शुरू कर दिया था। उत्तर भारत के बेगुनाह लोगों पर

हुए इस हमले के बाद बिहार व उत्तर प्रदेश के लोगों ने कई जगह प्रदर्शन किया था तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध पोस्टर लगाये थे जिसमें लिखा था - ह्यगुजराती नरेंद्र मोदी बनारस छोड़ोह्न।

इन दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उत्तर भारतीयों के बारे में दिये गये एक बयान को लेकर भाजपा विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोल दिया। चन्नी ने कहा था कि - प्रियंका पंजाबियों की बहू है। यूपी ,बिहार, दिल्ली के लोगों को यहां राज नहीं करने देना। यूपी के भइयों को पंजाब में फटकने नहीं देना है। बाद में भले ही चन्नी यह सफाई देते रहे कि उनका आशय आम आदमी पार्टी के नेताओं से था,परन्तु तब तक राजनीति के महाचतुर खिलाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चन्नी के यू पी बिहार वाले बयान को गुरु गोविन्द सिंह व संत रविदास के अपमान से जोड़ चुके थे। परन्तु जब गुजरात,कश्मीर और महाराष्ट्र से इन्हीं भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह, संत रविदास,महात्मा बुद्ध,कबीर व तुलसी के राज्यों के लोग मारे-पीटे-दुत्कारे व भगाये जा रहे थे और यही यू पी बिहार के कथित हितैषी उन राज्यों की सत्ता के साथ खड़े थे,उस समय यह भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह, संत रविदास का अपमान नहीं था? जब इन्हीं राज्यों के लोग कोरोना काल में अपने परिवार,बच्चों व वृद्ध बीमार जनों के साथ हजारों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे थे तब क्या वह संत रविदास व गुरु गोविन्द सिंह का अपमान नहीं था ?

अब इसी प्रवासी मुद्दे का दूसरा पहलू भी देखिये। जिस तरह उत्तर भारतीय स्वरोजगार हेतु देश के संपन्न राज्यों में जाते हैं ठीक उसी तरह पंजाब,हरियाणा,गुजरात,यू पी व बिहार आदि अनेक राज्यों के लोग इसी रोजगार व व्यवसाय के लिये अथवा शिक्षा ग्रहण करने के लिये अमेरिका-कनाडा जैसे अनेक विकसित देशों में जाते हैं। आज अनेक देशों में उनकी स्थिति ऐसी है कि कोई किसी देश का प्रधानमंत्री है कई विभिन्न देशों में मंत्री,कई जज तो कई सेना व पुलिस में उच्च पदों पर तैनात हैं। कोई सांसद तो कोई वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत के शीर्ष पर है। लाखों लोग विदेशों में बड़े बड़े जमींदार-किसान बन चुके हैं। यकीनन हमारे देश के लोगों को उन प्रवासी भारतीयों पर गर्व है जो विदेशों में रहकर भारत का नाम ऊँचा कर रहे हैं। परन्तु जब बात 2004 में सोनिया गाँधी के प्रधानमंत्री बनने की आई तो यही राष्ट्रवादी 'देशभक्त ' उस समय यह कहते फिर रहे थे कि यदि विदेशी महिला प्रधानमंत्री बनी तो सर मुंडा लेंगे,उल्टी चारपाई पर लेटेंगे,भुने चने खाने लगेंगे आदि। इस तंगनजरी का आखिर क्या जवाब है ? कल्पना कीजिये कि यदि यही रंग भेद व देशी विदेशी की संकीर्ण सोच भारतीयों के विरुद्ध विदेशों में भी पनपने लगी फिर आखिर हमारे करोड़ों प्रवासी भारतीयों की क्या स्थिति होगी ?

जिस तरह विदेशों में भारतीय प्रवासी अपनी सेवायें देकर अपने अपने देशों के विकास व वहां की व्यवस्था में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं ठीक उसी प्रकार देश के किसी भी राज्य का प्रवासी किसी भी राज्य में श्रम कर अपनी रोजी रोटी तो कमाता ही है साथ साथ अपना खून पसीना बहाकर वहां के निर्माण,प्रगति व विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। आम तौर पर किसी भी राज्य के आम लोगों को किसी अन्य राज्यवासी से उसके राज्य अथवा धर्म जाति के आधार पर कोई आपत्ति नहीं होती। आम तौर पर ओछी व संकीर्ण राजनीति करने वाले नेता ही केवल अपना व्यापक जनाधार सिमटता देख इस तरह के संकीर्ण विवादों को जन्म देते हैं। परिणाम स्वरूप कभी कभी विशेषकर चुनावी बेला में प्रवासी मुद्दा संकीर्णता व दोहरेपन का शिकार हो जाता है।

भारत बने धर्म–सापेक्ष

भारत को धर्म-निरपेक्ष नहीं, धर्म-सापेक्ष राष्ट्र बनाएं, यह बात मैं कई दशकों से कहता रहा हूं लेकिन इसी बात को बलपूर्वक कहकर जैन मुनि विद्यासागरजी महाराज ने इस धारणा में चार चांद लगा दिए हैं। विद्यासागरजी दिगंबर जैन मुनि हैं। उनकी मातृभाषा कन्नड़ है, लेकिन हिंदी और संस्कृत में उन्होंने विलक्षण दर्शन ग्रंथों की रचना की है। उनके प्रति सभी जैन-संप्रदाय तो भक्तिभाव रखते ही हैं, लाखों हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख आदि भी उन्हें पूजनीय मानते हैं। भारत को धर्म-सापेक्ष बनाएं, यह बात उन्होंने म.प्र. के कुंडलपुर में आयोजित पंचकल्याणक समारोह में कही। वहां लाखों भक्तों के अलावा देश के जाने-माने नेता भी उपस्थित थे। भारत को धर्म-सापेक्ष बनाने का अर्थ उसे वेटिकन-जैसा राज्य बनाना नहीं है। उसे किसी रिलीजन या संप्रदाय या मत या पंथ का अनुयायी बना देना नहीं है बल्कि ऐसा राष्ट्र बनाना है, जिसका प्रत्येक नागरिक और सरकार भी धार्मिक है। भारत के संविधान में कहीं भी धर्म-निरपेक्ष शब्द नहीं आया है। उसकी प्रस्तावना में भारत को पंथ-निरपेक्ष कहा गया है। लेकिन हमारे देश के नेता धर्म-निरपेक्ष शब्द का ही प्रायः इस्तेमाल करते रहते हैं। इसका असली कारण अंग्रेजी भाषा की गुलामी ही है, क्योंकि अंग्रेजी में धर्म को रिलीजन ही कहते हैं। सेक्युलर शब्द यूरोप में चलता है। आप सेक्यूलर हैं याने धर्म-निरपेक्ष हैं। मैं तो कहता हूं कि जो लोग सचमुच सेक्यूलर हैं याने किसी भी पंथ, संप्रदाय या

भगवान को भी नहीं मानते, वे भी परम धार्मिक हो सकते हैं। धर्म का अर्थ है- धारण करने योग्य। मनुष्य का, पशु का, पक्षी का, राजा का, प्रजा का, मालिक का, नौकर का- सबका अपना धर्म होता है। सब अपने-अपने कर्तव्य का पालन करें, यही धर्म है। मंदिर, मस्जिद, गिरजे, गुरूद्वारे और साइनेगॉग में जाना धर्म नहीं है। वह पंथ-भक्ति है। धर्म क्या है? इसकी परिभाषा मनुस्मृति में कितनी अच्छी है। मनु महाराज ने धर्म के दस लक्षण बताए हैं- धीरज, क्षमा, मन-नियंत्रण, चोरी या लालच से बचना, शरीर-मन-बुद्धि को शुद्ध रखना, इंद्रिय-संयम, बुद्धिप्रधान रहना, सत्याचरण और क्रोध-नियंत्रण! क्या कोई मजहब, पंथ या संप्रदाय धर्म के इन दस लक्षणें को अनुचित बता सकता है? दुनिया के हर संप्रदाय या रिलीजन का भक्त इस धर्म का अनुसरण कर सकता है। इसे ही वेदों में मानव-धर्म कहा है। ऋग्वेद कहता है- मनुर्भव भव! याने मनुष्य बनो। कोई भी मनुष्य किसी भी मजहब या पंथ का अनुयायी हो या किसी का भी न हो, वह भी इन दस लक्षणों को धारण कर सकता है। इनको धारना ही धर्म है। इनका जो उल्लंघन करे और अपने आप को वह किसी भी रिलीजन या संप्रदाय का परम भक्त कहे तो वह किसी भी हालत में धार्मिक व्यक्ति नहीं कहला सकता। रिलीजनों और संप्रदायों ने दुनिया में जितनी खून की नदियां बहाई हैं, उतनी बादशाहों, राजाओं और राजनीति ने भी नहीं बहाई हैं। सच्ची नैतिकता ही धर्म है। जिसमें नैतिकता नहीं, वह विचार और कर्म अधर्म ही है। ऐसे अधर्म को हम छोड़े और भारत ही नहीं, दुनिया के सारे राष्ट्र धर्म-सापेक्ष बनें तो यह पृथ्वी ही स्वर्ग बन जाएगी।

इस प्रकार बने बेहतर मैनेजर

हर कंपनी में मैनेजर (प्रबंधक) की जरुरत पड़ती है। एक अच्छा मैनेजर अपनी नई टीम में शामिल होने में समर्थ होता है, और होने वाले कार्यों या तरीको में आवश्यक छोटे मोटे परिवर्तन कर के काम को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने में सहायक होता है। एक प्रकार से देखा जाये तो उसे टीम वर्क में कुशल होना होता है।

अच्छे मैनेजर इस प्रकार बने : लोगों को प्रेरित करें: कर्मचारियों को हमेशा अच्छे काम के लिए प्रेरित करें। कंपनी को क्या चाहिए उन्हें साफ-साफ बताएं और वे अपना कामन कैसे परफेक्ट करें इस बात को भी समझाए। नियमित रूप से अपने कर्मचारियों से पूछे कि उन्हें अपनी जॉब कैसी लग रही है। उन्हें आपके साथ ईमानदारी बरतने के लिए प्रोत्साहित करें। फिर उन्होंने आपको जो कुछ बताया है उसके अनुरूप एक्शन लें।

अच्छा महसूस करवाएं: एक सफल मैनेजर में अपने कर्मचारियों की अच्छी बातों और क्षमताओं को पहचान लेने की अच्छी समझ होती है और वह समय समय पर इन बातो के लिए उनकी सराहना करता रहता है। अपने कर्मचारियों की योग्यताओं की सराहना सार्वजनिक और निजी दोनों स्थतियों में प्रयास करें।

सही कार्य पर प्रशंसा करें: समय समय पर अपने कर्मचारियों के पास जाइए और कह दीजिये। वह मेहनती हैं; वो बहुत अच्छे ढंग से दूसरों को प्रेरित करते हैं; वो आसानी से नई चीजें सीख सकते हैं। इस प्रकार उनका उत्साह बढ़ेगा। हर बात सीधे तौर पर कहें।

झड़ते बालों के लिए होममेड हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

आज के समय में तनाव, प्रदूषण, गलत खानपान और ऐसी ही कई समस्याओं का असर बालों पर दिखाई देने लगा है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनके बाल समय से पहले ही झड़ने लगते हैं। जिसके कारण वह युवावस्था में ही गंजेपन की समस्या का सामना करते हैं। झड़ते बालों की समस्या सिर्फ महिलाओं को ही नहीं, पुरूषों को भी उतना ही परेशान करती है और हेयर टांसप्लांट का रास्ता यकीनन काफी महंगा होता है। हालांकि देखने में आता है कि जब यह समस्या शुरू होती है तो लोग तरह-तरह के हेयर केयर प्रॉडक्ट्स का सहारा लेते हैं, लेकिन इससे उन्हें मनचाहा रजिल्ट नहीं मिलता। ऐसे में आप घर पर ही कुछ चीजों की मदद से हेयर मास्क बना सकते हैं। यह हेयर मास्क आपके बालों की जड़ों को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे बालों के झड़ने की समस्या काफी हद तक कम हो जाती है। तो चिलए जानते हैं इन होममेड हेयर मास्क के बारे में-

दही का मास्क

हेयर केयर एक्सपर्ट के अनुसार, दही बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह बालों के झड़ने की समस्या को तो दूर करती है ही, साथ ही बालों को पोषण देता है और उसे मॉइश्चराइज भी करता है। दही का मास्क बनाने के लिए आप एक कप दही लेकर उसमें एक बड़ा चम्मच सेब का सिरका और एक चम्मच शहद मिलाकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसे बालों में अच्छी तरह लगाएं और 15 मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। आखिरी में ठंडे पानी से इसे धो दें।

ग्रीन टी हेयर मास्क

ग्रीन टी एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है और इसमें ईजीसीजी (एपिगैलोकैटेचिन-3-गैलेट) होता है जो बालों के विकास को प्रोत्साहित करता है। ग्रीन टी हेयर मास्क बनाने के लिए एक अंडे की जर्दी लेकर उसमें दो बड़े चम्मच ग्रीन टी डालें और इसे तब तक मिलाएं, जब तक इसका एक क्रीमी टेक्सचर ना बन जाए। अब एक ब्रश की मदद से इसे बालों में लगाएं और 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। आखिरी में ठंडे पानी की मदद से इसे धो दें।

व्यायाम करने से स्वास्थ्य ही नहीं, स्किन को भी होते हैं फायदे

चुस्त और तंदुरूस्त रहने के लिए व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। जब आप नियमित रूप से व्यायाम करते हैं तो इससे न सिर्फ आपका स्टैमिना बढ़ता है, बल्कि इससे वजन भी नियंत्रित होता है। साथ ही आप कई तरह की बीमारियों से बेहद आसानी से बच जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि व्यायाम करने से सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, स्किन को भी कई सारे लाभ होते हैं। इसलिए नैचुरली ग्लोइंग और बेदाग त्वचा पाने के लिए आप व्यायाम का सहारा ले सकते हैं। तो चलिए हम आपको बताते हैं व्यायाम से त्वचा को होने वाले कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में-

'मिलता है ग्लो

स्किन केयर एक्सपर्ट का मानना है कि व्यायाम करने से आपका रक्त परिसंचरण बेहतर होता है। दरअसल, जब आप व्यायाम करते हैं, तो आपकी हृदय गति बढ़ जाती है जिससे रक्त प्रवाह बढ़ जाता है। यह बढ़ा हुआ रक्त प्रवाह आपकी त्वचा को आवश्यक विटामिन, पोषक तत्व, खनिज और ऑक्सीजन की आवश्यक खुराक प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा बेहद निखरी व खूबसूरत दिखती है।

'रिंकल्स को कह दें अलविदा

सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन एक्सरसाइज आपकी स्किन को यूथफुल बनाती है। अगर आप बेहद तनावग्रस्त हैं तो आपको नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। इससे न सिर्फ आपका तनाव दूर होता है, बल्कि झुर्रियों को भी अलविदा कह सकती हैं। तनाव हार्मोन त्वचा के कोलेजन और इलास्टिन के स्तर को नुक्सान पहुंचाने के लिए जाना जाता है। लेकिन जब आपका तनाव दूर होता है तो नो सैगी स्किन, नो फाइन लाइन्स और न ही रिंकल्स।

'एक्ने से छुटकारा

स्किन केयर एक्सपर्ट की मानें तो एक्सरसाइज एक्ने से छुटकारा दिलाने में भी मददगार है। दरअसल, जब आप व्यायाम करती हैं तो आपकी त्वचा से काफी पसीना निकलता है। इस तरह पसीना निकलने से बॉडी से टॉक्सिन निकलते हैं। यह क्लॉग पोर्स को क्लीन करता है और स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ बैक्टीरिया से भी निजात दिलाता है। ऐसे में क्लीयर स्किन पाने के लिए आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

वैक्सिंग करते हुए नहीं होगा दर्द, अगर अपनाएंगी यह टिप्स

अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए हम सभी वैक्सिंग करवाती हैं। यूं तो बॉडी हेयर को रिमूव करने के लिए कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन फिर भी महिलाएं वैक्सिंग का सहारा लेती हैं, क्योंकि इसके जरिए आप इनग्रोथ हेयर को भी आसानी से रिमूव कर पाती हैं और आपकी स्किन अधिक स्मूद लगती है। वैक्सिंग करते हुए कुछ महिलाओं को बेहद दर्द होता है। हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही होता हो। तो चलिए हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाने के बाद वैक्सिंग के दौरान आपको बेहद कम दर्द होगा-

चुनें सही प्रोफैशनल

यह एक छोटी सी टिप है, लेकिन इससे आप होने वाले दर्द को काफी हद तक कम कर सकती हैं। आप यूं ही किसी भी सैलून या पार्लर में वैक्सिंग करवाने से बचें। बेहतर होगा कि आप पहले थोड़ा रिसर्च कर लें और एक सही प्रोफैशनल को चुनें। अगर आप ऐसा करने में सक्षम हो जाती है तो प्रोफैशनल सही तकनीक का इस्तेमाल करेगा और आपको बेहद कम दर्द होगा।

बॉडी स्क्रब का करें इस्तेमाल

स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि वैक्सिंग से पहले स्किन को स्क्रब करना एक अच्छा आइडिया है। दरअसल, जब आप ऐसा करते हैं तो इससे डेड स्किन सैल्स निकल जाते हैं और जब बालों के रोम के आसपास की डेड स्किन बाहर निकल जाती हैं तो इससे हेयर्स को निकालना काफी आसान हो जाता है।

टोनर का न करें यूज

स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि टोनर या एस्टिजैंट पोर्स को टाइटन करता है और बालों के रोम पर पकड़ को मजबूत बनाते हैं। ऐसे में टोनर के इस्तेमाल के बाद वैक्सिंग करवाना बेहद दर्दनाक हो जाएगा।

बर्फ का न करें इस्तेमाल

स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, कुछ महिलाएं वैक्सिंग से पहले बर्फ का इस्तेमाल करती हैं। उन्हें लगता है कि इससे स्किन सुन्न हो जाएगी और वैक्सिंग का दर्द काफी कम होगा। लेकिन त्वचा पर कुछ भी लगाने खासतौर से बर्फ का इस्तेमाल करने से पोर्स टाइट हो जाते हैं। जिससे वैक्सिंग के दौरान दर्द अपेक्षाकृत काफी अधिक होता है।

यहां न करें वैक्सिंग

जब आप वैक्सिंग करवा रही हैं तो आपको इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि आप कहां वैक्सिंग करवा रही हैं। मसलन, सनबर्न स्किन, मोल्स, कट्स या पिंपल्स पर वैक्सिंग की कोशिश न करें। इन जगहों पर वैक्सिंग करवाना न केवल खतरनाक है, बल्कि इससे आपको बहुत तेज दर्द होगा।

वर्चुअल मीटिंग के लिए कुछ इस तरह करें मेकअप

जब से पूरे विश्व में कोरोना ने अपना कहर दिखाया है, तब से दुनिया में काम करने का तरीका बदल गया है। कोरोना के चलते एक तरह से पूरा विश्व लॉकडाऊन है और इसलिए लोग घर पर रहकर ही अपना ऑफिस का काम कर रहे हैं। इन दिनों ऑफिसों को एहतियातन बंद किया गया है और जो ऑफिस खुले हैं, वहां पर बेहद कम लोग ही काम कर रहे हैं। ऐसे में ऑफिस की मीटिंग्स भी अब वर्चुअल होने लगी हैं। भले ही आप घर पर रहकर काम कर रही हों या फिर ऑनलाइन मीटिंग्स के जरिए आगे की रणनीति तय कर रही हों, लेकिन उस दौरान भी आपका प्रैजैंटेबल होना बेहद जरूरी है। वर्चुअल मीटिंग के दौरान आपको अपने सीनियर्स व बॉस के साथ कनैक्ट होना पड़ता है और उस समय आपके प्रैजैंटेबल होने पर यह अहसास होता है कि आप अपने काम के प्रति कितनी सजग हैं। इसलिए अगर आप वर्चुअल मीटिंग के लिए तैयार हो रही हैं तो आपका मेकअप कुछ ऐसा होना चाहिए-

मेकअप को रखें बेसिक

ऑनलाइन मीटिंग के लिए आपको अपने मेकअप को बेसिक ही रखना चाहिए। इस तरह के मेकअप से चेहरे पर एक ग्लो आता है और आपका मेकअप ओवर भी नहीं लगता। इसलिए अगर आप वर्चुअल मीटिंग के लिए तैयार हो रही हैं तो आप स्पारकल आईशैडो या ब्राइट ब्लश का इस्तेमाल करने से बचें। नो मेकअप लुक भी वर्चुअल मीटिंग के लिए अच्छा माना जाता है। इसके लिए आप अपने ब्रो को फिल करें और मस्कारा, न्यूड लिपस्टिक व हल्का सा हाईलाइटर लगाना आपके लिए पर्याप्त है।

बेस हो लाइट

वर्चुअल मीटिंग के लिए फुल कवरेज फाऊंडेशन की जगह लाइटवेट फाऊंडेशन या सीसी क्रीम का इस्तेमाल बतौर बेस लगाना अच्छा माना जाता है। वैसे आप अपने आंखों के नीचे के घेरों व ब्लेमिश को छिपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

लाइट हो कलर्स

अमूमन जब लड़कियां ऑफिस जाती हैं तो ब्लैक आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन जब आप एक-दूसरे से वर्चुअली कनैक्ट हो रही हैं तो उस दौरान ब्लैक लाइनर का इस्तेमाल करने से कैमरे के सामने आप काफी डार्क नजर आ सकती हैं। इसलिए आप ब्लैक आईलाइनर को ब्राऊन या ग्रे के साथ स्विच करें। आईलाइनर की तरह ही आईशैडो व लिप शेड्स को भी लाइट ही रखें तो अच्छा।

लाइटिंग पर करें फोकस

वर्चुअल मीटिंग में प्रैजैंटेबल दिखने के लिए सिर्फ मेकअप ही सबकुछ नहीं है, बल्कि आपको लाइटिंग पर भी फोकस करना चाहिए। हमेशा वर्चुअल मीटिंग के लिए आप घर के ऐसे कोने का चयन करें, जहां पर नैचुरल लाइटिंग अधिक आती हो। इससे आपका फेस खुद ब खुद ब्राइटन नजर आएगा।

कॉफी की मदद से घर पर कुछ इस तरह करें फेशियल

हर लड़की चाहती है कि उसकी स्किन नैचुरली ग्लो करे। हालांकि इसके लिए आपकी स्किन को अतिरिक्त ध्यान देने की जरूरत होती है। स्किन की गंदगी व डेड स्किन सैल्स को बाहर निकालने के साथ अगर आप अपने फेस की डीप क्लींजिंग करना चाहती हैं तो उसके लिए फेशियल करना एक अच्छा आइडिया है। वैसे तो अधिकतर महिलाएं पार्लर जाकर फेशियल करवाती हैं, हालांकि यह काफी महंगा पड़ता है। ऐसे में घर पर ही फेशियल करना ज्यादा अच्छा है। अगर आप चाहें तो घर पर ही कॉफी की मदद से फेशियल कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं घर पर कॉफी से फेशियल करने के लिए क्या करें-

क्लींजिंग

फेशियल का सबसे पहला स्टैप है क्लींजिंग। यह चेहरे की गंदगी, अतिरिक्त ऑयल को दूर करके स्किन को क्लीन करता है। फेस की क्लींजिंग के लिए एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ कॉफी पाऊडर लें। इसमें 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं और दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 2 मिनट के बाद चेहरे को सामान्य पानी से धो लें।

स्क्रबिंग

क्लींजिंग के बाद बारी आती है स्क्रबिंग की। स्क्रबिंग मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने और त्वचा को एक्सफोलिएट करती है। चेहरे को स्क्रब करने के लिए एक कटोरी में, 1 बड़ा चम्मच चीनी और 1 बड़ा चम्मच कॉफी लें। अब इसमें दो बड़े चम्मच नारियल तेल मिलाएं। लगभग 5-6 मिनट के लिए इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। यह प्रक्रिया आपकी त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करती है, जिससे आपकी स्किन नरम और चमकदार हो जाती है। 5 मिनट के बाद, इसे सामान्य पानी से धो लें।

फेस मास्क

स्किन को ब्राइटर और ग्लोइंग बनाने के लिए फेस मास्क अप्लाई करना बेहद जरूरी है। फेस मास्क त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं और त्वचा के समग्र स्वरूप को बेहतर बनाते हैं। आप कॉफी की मदद से बेहतरीन फेस मास्क तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच कॉफी पाऊडर डालें और अब इसमें शहद का 1 बड़ा चम्मच डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इस मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं और एक गोलाकार गति में धीरे से मालिश करें। अब इसे 15 मिनट के लिए सूखने दें। आखिरी में पानी की मदद से त्वचा को क्लीन करें। शहद में मॉइस्चराइजिंग एजैंट होते हैं और अगर इन्हें कॉफी के साथ मिक्स करके चेहरे पर लगाया जाता है, तो यह त्वचा को मॉइस्चराइज करने के साथ-साथ उसकी चमक भी बनाए रखते हैं।

अपनी त्वचा के साथ भूलकर भी न करें ऐसी लापरवाही, रात में जरूर करें ये काम

जिस तरह से आप अपनी त्वचा का ख्याल रखने के लिए सुबह उठते ही अपने चेहरे को पानी या साबुन से धोते हैं, ठीक उसी तरह अपने चेहरे को रात के समय भी जरूर धोए। क्योंकि अगर आप ऑफिस या कहीं बाहर से आने पर अपने चेहरे को पानी से वॉश न करके अगले दिन के लिए टाल देते हैं और अन्य कामों में व्यस्त हो जाते हैं, तो आपकी ये ही लापरवाही आपके चेहरे पर ढेरों मुंहासे, झाइयां और ब्लैकहैड्स को बुलावा दे सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप रोजाना रात के समय भी पानी से अपने चेहरे को वॉश करें। वहीं, हम आपको नाइट केयर रूटीन के बारे में बताने के साथ ही यह भी बताने जा रहे हैं कि चेहरे को धोना ज्यादा जरूरी क्यों है और उससे क्या लाभ होते हैं...

पिंपल्स से होगा बचाव

आप अपने चेहरे को दिनभर में कई बार छूते रहते हैं और ये आपकी आदत बन जाती है इसलिए कभी इस पर आप गौर भी नहीं करते होंगे, लेकिन इससे आपके चेहरा पर कई तरह से गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में आपके चेहरे पर बैक्टीरिया अपना घर बना लेते हैं और मुंहासे होने का खतरा बढ़ता है।

मेकअप हटाएं

चेहरे को धोने से मेकअप के साथ-साथ चेहरे पर जमी दिनभर की गंदगी और धूल-मिट्टी भी साफ हो जाती है। दरअसल,मेकअप के कारण आपके पोर्स बंद हो जाते हैं और वो गंदगी से भर जाता है। इतना ही नहीं मेकअप सारी गंदगी को चुंबक की तरह काम करते हुए इकट्ठा करती है।

टलता है आंखों का बड़ा खतरा

जो लड़कियां अपनी आंखों में काजल, मस्कारा या आईलाइनर लगाने की शौकीन होती हैं, उन्होंने तो खासतौर पर अपनी आंखों को धोना चाहिए। ऐसा न करने पर आंखों में जलन होने की समस्या के अलावा अन्य तरह के इंफैक्शन भी हो सकते हैं। दरअसल, आंखों की पलकों पर बेहद छोटे पोर्स और तेल ग्रंथियां होती हैं, इसमें बैक्टीरिया हो सकते हैं।

झुर्रियों को रोकने में मिलेगी मदद

चेहरे पर लगा हुआ मेकअप पूरे दिन के रैडिकल्सक को पकड़कर रखता है। इस तरह से ये कोलेजन के टूटने की वजह भी बन सकता है और फिर ये ही बाद में चेहरे पर झुर्रियों और फाइन लाइंस के रूप में उभरते हैं। इसलिए अपने चेहरे को रात में जरूर वॉश करें इससे फ्री रैडिकल्स से छुटकारा मिल जाता है।

'लॉक अप' की कंटेस्टेंट होंगी पूनम पांडे

मुंबई (आईएएनएस)। माडल और अभिनेत्री पूनम पांडे बालीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'लाक अप' में तीसरी प्रतियोगी के रूप में नजर आई। 2013 में 'नशा' से बालीवुड में अपनी शुरूआत करने वाली पूनम ने शो में आने के लिए अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि जेल के अंदर क्या होने वाला है। पूनम कहती हैं कि मैं सभी को यह बताते हुए बेहद उत्साहित हूं कि मैं भारत के सबसे बड़े विवादास्पद शो 'लाक अप' का हिस्सा हूं। मुझे नहीं पता कि वहां क्या होगा क्योंकि मैंने जो कुछ भी पढ़ा है और शो के बारे में देखा है, मैं समझ गई हूं कि मुझे अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए भी एक कार्य करना है और इस 'लाक अप' में कोई विलासिता नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कंगना की जेल के अंदर बंद होने की अपनी आशंका का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मैं एक साथ नर्वस और उत्साहित हूं। टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री एकता कपूर के 'लाक अप' में 16 लोकप्रिय सेलिब्रिटी प्रतियोगी होंगे जो मेजबान कंगना रनौत की जेल में बंद हैं और वे सबसे बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह शो 27 फरवरी से आल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीमिंग होगा।

वैरिएंट ऑफ कंसर्न बना हुआ है BA.2

■ डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि बीए.2 को अभी भी वैरिएंट आफ कंसर्न माना जाना चाहिए

■ **जिनेवा (आईएएनएस)।**

कुछ यूरोपीय और एशियाई देशों में ओमीक्रोन वैरिएंट के बीए.2 सबटाइप (उप-प्रकार) की बढ़ती उपस्थिति की चिंताओं के बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि बीए.2 को अभी भी वैरिएंट आफ कंसर्न (चिंता का एक प्रकार) माना जाना चाहिए। सार्स-सीओवी-2 वायरस इवोल्यूशन (टीएजी-वीई) पर डब्ल्यूएचओ के तकनीकी सलाहकार समूह, जिसकी मंगलवार को बैठक हुई थी, ने कहा कि इसे ओमीक्रोन के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। समूह ने इस बात पर भी जोर दिया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा बीए.2 की निगरानी ओमीक्रोन केएक विशिष्ट उप-वंश के रूप में की जानी चाहिए।

डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा, ओमीक्रोन वैरिएंट आफ कंसर्न वर्तमान में विश्व स्तर पर प्रसारित होने वाला प्रमुख वैरिएंट है, जो जीआईएसएआईडी (एक ओपन एक्सेस डेटाबेस) को रिपोर्ट किए गए लगभग सभी सीक्वेंस के लिए जिम्मेदार है। ओमीक्रोन कई उप-वंशों से बना है, जिनमें से प्रत्येक की निगरानी डब्ल्यूएचओ और इसके भागीदारों द्वारा की जा रही है। उनमें से, सबसे आम हैं- बीए.1, बीए.1.1 (या नेक्स्टस्ट्रेन क्लैड 21के) और बीए.2 (या नेक्स्टस्ट्रेन क्लैड 21एल)।

वैश्विक स्तर पर, हाल के हफ्तों में बीए.2 नामित सीक्वेंस का अनुपात बीए.1 के सापेक्ष बढ़ रहा है, हालांकि सभी वैरिएंट का वैश्विक प्रचलन कथित तौर पर घट रहा है। विशेषज्ञों ने समझाया कि बीए.2 अपने आनुवंशिक अनुक्रम (जेनेटिक सीक्वेंस) में बीए.1 से भिन्न है। यद्यपि यह समझने के लिए अध्ययन चल रहे हैं कि क्यों, प्रारंभिक डेटा का सुझाव है कि बीए.2 स्वाभाविक रूप से बीए.1 की तुलना में अधिक फैलने की क्षमता के साथ प्रतीत होता है।

विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि हालांकि, ट्रांसमिसिबिलिटी (फैलने की क्षमता) में यह अंतर बीए.1 और डेल्टा वैरिएंट के बीच की तुलना में बहुत छोटा प्रतीत होता है। इस बीच, हालांकि बीए.2 सीक्वेंस अन्य ओमीक्रोन उप-वंशों के अनुपात में बढ़ रहे हैं, फिर भी वैश्विक स्तर पर समग्र मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा, जबकि बीए.1 के साथ संक्रमण के बाद बीए.2 के साथ पुनः संक्रमण के मामलों का दस्तावेजीकरण किया गया है, अध्ययनों के बाद प्रारंभिक डेटा से पता चलता है कि बीए.1 के साथ संक्रमण बीए.2 के साथ पुनः संक्रमण के खिलाफ मजबूत सुरक्षा प्रदान करता है। डब्ल्यूएचओ ओमीक्रोन के हिस्से के रूप में बीए.2 की बारीकी से निगरानी करना जारी रखेगा। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने देशों से सतर्क रहने, विभिन्न सीक्वेंस की निगरानी और रिपोर्ट करने और विभिन्न ओमीक्रोन सबलाइनेज के स्वतंत्र और तुलनात्मक विशेषण करने का आग्रह किया है।

आशी सिंह ने रेड आउटफिट चुना

मुंबई (आईएएनएस)। 'मीत' की अभिनेत्री आशी सिंह ने डेली सोप में एक फैशन शो सीक्वेंस के लिए दुल्हन की पोशाक पहनी हैं। आशी ने लाल लहंगा पहनने का फैसला किया क्योंकि उनका मानना है कि लाल प्यार का प्रतीक है और हर दुल्हन का पहनावा लाल होना चाहिए। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, आशी ने उल्लेख किया कि मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि किसी भी दुल्हन की पोशाक हमेशा लाल होनी चाहिए क्योंकि लाल रंग प्यार का रंग है। आशी अपने पहनावे के बारे में विस्तार से बताती हैं और कहती हैं कि यह एकदम सही रंग था, मेरे ड्रैस में बहुत अच्छी जैकेट और दुपट्टा था और मैं तैयार होने के बाद बहुत सुंदर लग रही थी। उन्होंने आगे कहा कि मैंने जो ज्वैलरी पहनी थी, वह जटिल थी और बहुत भारी नहीं थी, इसलिए मैं इस पोशाक में शूटिंग करने में बहुत सहज थी। 'मीत' जी टीवी पर प्रसारित होता है।

दुर्लभ डायनासोर के जीवाश्म का स्काटलैंड में अनावरण

■ पांच साल पहले एक छात्र ने पहली बार इसकी खोज की थी

एडिनबर्ग (वार्ता)। स्काटलैंड के राष्ट्रीय संग्रहालय में जुरासिक काल के एक उड़ने वाले सरीसृप 'पटरोडैक्टाइल' के अत्यंत दुर्लभ जीवाश्म का अनावरण किया गया है। द इंडिपेंडेंट के अनुसार पांच साल पहले एक छात्र ने पहली बार इसकी खोज की थी। आधिकारिक तौर पर पटरोसार कहे जाने वाले सरीसृप के पंख लगभग आठ फुट (2.5 मीटर) के थे। यह लगभग 17 करोड़ वर्ष पहले जुरासिक काल के दौरान जीवित था। इसे उस समय तक पृथ्वी पर रहने वाले सबसे बड़े उड़ने वाले जीव के रूप में जाना जाता है। वर्ष 2017 में आइल आफ स्काई पर नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी द्वारा वित्त पोषित उत्खनन के दौरान इस जीवाश्म को खोजा गया था। इसकी खोज करने वाली छाा का नाम अमेलिया पेनी है। पटरोसार को डियरक सगिथनैक नाम दिया गया है, जिसका मतलब पंखों वाला सरीसृप होता है।

माधुरी ने 'द फेम गेम' में अपने किरदार के बारे में बताया

मुंबई(आईएएनएस)। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने ने नई सीरीज 'द फेम गेम' में अपने किरदार अनामिका आनंद के बारे में बात की है। अपने किरदार अनामिका आनंद की जटिलता का विशलेषण करते हुए माधुरी ने कहा, अनामिका एक बहुत ही लोकप्रिय अभिनेत्री है। उसका घरेलू जीवन बहुत ही अच्छा है और हर कोई उसे पसंद करता है। वह अपने दो बच्चों और अपने पति और मां के साथ रहती है। यह सब दिखने में सही लगता है। लेकिन चार दीवारों के अंदर जो चल रहा है लोग उसे नहीं देखते हैं। उसके दो पहलू हैं, एक दुनिया के लिए और एक अपने लिए। अभिनेत्री ने साझा किया कि अपने किरदार के इन दो पक्षों को संतुलित करने के लिए उन्हें यह खेल खेलना है। उन्होंने आगे कहा, अनामिका ग्लैमरस और खुशमिजाज है, जबकि वास्तव में, वह हमेशा समझौता करती है, त्याग करती है। 'द फेम गेम' 25 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। करिश्मा कोहली और बिजाय नांबियार द्वारा निर्देशित, इसमें संजय कपूर और मानव कौल भी हैं।

टीके लेने से बच्चों को 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' के संकेत नहीं

■ **वाशिंगटन (एपी)।**

कोविड रोधी टीके लेने से बच्चों के 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' की चपेट में आने के संकेत नहीं मिले हैं। 'द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ' में मंगलवार को प्रकाशित एक विश्लेषण में यह दावा किया गया है। बच्चों में 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' के कारण बुखार के साथ-साथ कम से कम उनके दो अंग प्रभावित हो सकते हैं और अक्सर पेट दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते या आंखें लाल होने आदि जैसे लक्षण भी नजर आते हैं। यह उन बच्चों में नजर आते हैं, जो कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। वयस्कों में लक्षण दुर्लभ ही नजर आते हैं। इससे कई बार अस्पताल में भर्ती होने की नौबत भी आ जाती है, लेकिन अधिकतर मरीज ठीक हो जाते हैं।



रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्रों (सीडीसी) के अनुसार, इसका पहला मामला 2020 की शुरुआत में ब्रिटेन में सामने आया था। कई बार इसके लक्षणों को कावासाकी रोग से भी जोड़ दिया जाता है, जिससे सूजन और हृदय संबंधी परेशानी होती है। फरवरी 2020 से अमेरिका में 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' के 6800 से अधिक मामले सामने आए हैं।

कोविड-19 टीकाकरण सुरक्षा निगरानी के तहत रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) और अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इसे प्रतिकूल लक्षणों की सूची में शामिल किया। जिन लोगों में कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कोई लक्षण नहीं मिले, उनमें दिखे कुछ अन्य लक्षणों ने सीडीसी और अन्य जगहों के शोधकर्ताओं को एक नया विशलेषण करने के लिए प्रेरित किया।

वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय के बाल संक्रामक रोग विशेषज्ञ एवं बच्चों को दिए कोविड-19 रोधी 'माडर्ना' टीके के अध्ययन का नेतृत्व कर रहे डा. बडी क्रीच ने बताया कि ऐसी आशंका है कि टीकों के कारण ऐसा हुआ हो लेकिन यह केवल अटकल है और विश्लेषण में इसके कोई सबूत नहीं मिले हैं। क्रीच ने कहा, टीकों का इस बीमारी के साथ सटीक संबंध हमें नहीं पता है। मरीज के पहले संक्रमित ना होने के कारण केवल टीके को इसका कारण नहीं माना जा सकता।

संजय ने की अगली फिल्म की घोषणा

मुंबई (आईएएनएस)। बालीवुड सुपरस्टार संजय दत्त ने अपनी अगली फिल्म 'घुड़चढ़ी' की घोषणा सोशल मीडिया पर की। दत्त ने ट्विटर पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह एक बगीचे में योग का अभ्यास करते दिख रहे हैं। ट्वीट में दत्त ने ज्योतिषी बालू मुन्नांगी को टैग किया, जिनसे करण जौहर, अजय देवगन और दत्त जैसे बालीवुड सेलेब्स खुद सलाह लेते हैं। दत्त ने लिखा, इस नई शुरूआत में नई ऊर्जा लाने के लिए धन्यवाद बालू मुन्नांगी। मैं आपकी उपस्थिति की सराहना करता हूं। बिनाय गांधी द्वारा निर्देशित 'घुड़चढ़ी' के अलावा अभिनेता यश अभिनीत फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' में 'अधीरा' के रूप में भी दिखाई देंगे, जो 14 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। उनके पास 'शमशेरा' और 'तुलसीदास जूनियर' जैसी भी फिल्में हैं।

'वो लड़की है कहां' की शूटिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और प्रतीक बब्बर की आने वाली फिल्म 'वो लड़की है कहां' की शूटिंग पूरी हो गई है। ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श ने ट्वीट कर बताया है कि फिल्म 'वो लड़की है कहां' की शूटिंग पूरी हो गई है। तरन आदर्श ने फिल्म की टीम की रैप-अप पार्टी की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। अरशद सैयद के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तापसी-प्रतीक के अलावा प्रतीक गांधी और हरलीन सेठी भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को 'जंगली पिश्चर्स' और 'राय कपूर फिल्म्स' ने प्रोड्यूस किया है।

खुशी की चाहत आपके लिए बुरी भी हो सकती है, उसकी जगह क्या चाहें

■ **डबलिन (द कन्वरसेशन)।**

खुशी जीवन के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक है। महामारी के दौरान, यह गूगल पर सबसे अधिक खोजा जाने वाला शब्द बन गया। लेकिन यह जानना जरूरी है कि क्यों खुशी की तलाश आपके लिए खराब हो सकती है। खुशी की चाहत हमें और अधिक आत्मकेंद्रित बना सकती है। खुशी की सक्रिय खोज दूसरों की कीमत पर सुख की तलाश करने के लिए व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ा सकती है (दोस्ती तोड़ना क्योंकि यह मजेदार नहीं है), समाज (तेजी से गाड़ी चलाना आपको खुश कर सकता है, लेकिन यह लोगों के जीवन को खतरे में डालता है) या पर्यावरण (एयर कंडीशनर को रात भर चलाना)।

विडम्बना यह है कि यह आत्मकेंद्रितता दूसरों के बारे में अच्छी तरह से न सोचने के साथ-साथ सुख की खोज करने वालों को और भी एकाकी बना देती है। खुद को खुश करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हम खुशी के मूल सिद्धांत को भूल जाते हैं, जो कहता है कि सच्ची खुशी दूसरों को खुश करना और खुद से परे देखना है। जो लोग किसी भी खुशी रैंकिंग में उच्चतम स्कोर करते हैं, वे अच्छे सामाजिक समर्थन के पक्षधर होते हैं (उदाहरण के लिए, जरूरत पड़ने पर दूसरों की मदद करना और बदले में जरूरत पड़ने पर आपको भी सहयोग की पेशकश मिलना), सार्थक जीवन वही जीते हैं, जो समाज की बेहतरी में योगदान देते हैं (उन कौशलों को विकसित करने का प्रयास करें, जिससे दूसरों का भला हो या उन्हें मदद मिले), सकारात्मक भावनाओं की प्रचुरता का अनुभव करें जो अक्सर दूसरों की संगति में महसूस की जाती हैं (हम एक समूह में एकांत की तुलना में 30 गुना अधिक बार मुस्कुराते हैं)।

केवल सुख की खोज में रहना दुख का कारण : केवल सुख की खोज में लगे रहना दुख का कारण बनता है। खुद पर ध्यान केंद्रित करने और खुश रहने की चाहत हमारी खुशी का अनुभव करने की संभावना को कम कर देती है। इससे हमें यह एहसास हो सकता है कि हम दुखी हैं। यह विचार कि हमें इसकी तलाश करनी चाहिए, हमारे जीवन में खुशी की अनुपस्थिति को उजागर कर सकता है। जितना अधिक हम खुशी को महत्व देते हैं, उतनी ही अधिक संभावना है कि हम अपनी वर्तमान स्थितियों से निराश होंगे। इससे भी बदतर, हम खुशी पाने के लिए जितने अधिक हताश हो जाते हैं, उतनी ही अधिक संभावना है कि हम अवसाद के लक्षणों का अनुभव करेंगे।

सुधार करने के पांच तरीके : सुनिश्चित करें कि आप अपनी और उन लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं जिनकी आप परवाह करते हैं। ऐसी गतिविधियों के लिए नियमित रूप से समय निकालें जिनसे आपको आनंद मिलता है, जैसे चलना, खेल खेलना या कुछ देखना या सुनना जो आपको पसंद है। सकारात्मक संबंध बनाएं और उन्हें बनाए रखने के लिए प्रयास करें। दोस्तों से मिलें, परिवार के सदस्यों के संपर्क में रहें, अपने कार्य संबंधों को पोषित करें। जो आपके जीवन को सार्थक बनाता है उससे जुड़े रहें। उदाहरण के लिए, किसी आंदोलन का समर्थन करना, किसी आस्था का पालन करना या अपनी व्यक्तिगत या व्यावसायिक भूमिका के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना। बेहतर सेवाओं की वकालत करके, अपने समुदाय में स्वयंसेवा करके, या अनुचित प्रथाओं को चुनौती देकर अपने समुदाय के लिए चीजों को बेहतर बनाएं।

'विस्फोट' की शूटिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेता रितेश देशमुख और फरदीन खान ने अपनी आने वाली फिल्म विस्फोट की शूटिंग पूरी कर ली है। रितेश देशमुख और फरदीन खान ने अपनी आने वाली फिल्म विस्फोट की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद फिल्म निर्माताओं ने रैपअप पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें फिल्म के सभी स्टार कास्टों ने भाग लिया था। विस्फोट को कूकी गुलाटी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'विस्फोट' वेनेजुएला की फिल्म रॉक, पेपर, सीजर का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म को संजय गुप्ता और भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

'कैट' से डेब्यू करेंगे रणदीप हुड्डा

■ **मुंबई (वार्ता)।**

बालीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा 'कैट' से वेब सीरीज में डेब्यू करने जा रहे हैं। रणदीप हुड्डा नेटफ्लिक्स प्लेटफार्म की वेब सीरीज कैट में नजर आएंगे। इस सीरीज में रणदीप मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। रणदीप का यह वेब सीरीज डेब्यू है। इसका फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। फर्स्ट लुक पर रणदीप के किरदार की झलक दिखाई गई है। रणदीप ने फोटो शेयर करके लिखा, जब छिपने की कोई जगह ना मिले तो आप कहां जाएंगे? कैट का एलान करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है, जिसमें ड्रग्स, धोखा और खतरा एक साथ आकर बवाल मचाने वाले हैं। नेटफ्लिक्स पर फिल्म जल्द आ रही है।

बताया जा रहा है कि कैट क्राइम थ्रिलर है, जिसकी कहानी पंजाब की पृष्ठभूमि में दिखाई जाएगी। यह एक मासूम शख्स के बारे में है, जो ड्रग कारोबारियों, गैंगस्टर्स, पुलिस और सियासत के बीच चल रही साजिश में फंस जाता है। रणदीप ने कहा, कैट में ग्लोबल आडिएंस को प्रभावित करने के सारे मसाले मौजूद हैं। इस सीरीज के जरिए एक कलाकार के तौर पर मुझे नया चेहरा दिखाने का मौका मिला। गौरतलब है कि कैट को रूपिंदर चहल और अनुतेज सिंह के साथ बलविंदर सिंह जनजुआ ने निर्देशित किया है। कैट का निर्माण मूवी टनल प्रोडक्शंस ने जेली बीन एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर किया है। जनजुआ और चहल ने अनिल रोधान और जिम्मी सिंह के साथ सीरीज का लेखन किया है।

लोगों का मनोरंजन करना हमेशा मुझे प्रेरित करता है: रितेश

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड में अपने कामिक अभिनय के लिए मशहूर रितेश देशमुख का कहना है कि अभिनय और लोगों का मनोरंजन करना उन्हे हमेशा प्रेरित करता है। रितेश देशमुख हमेशा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे हैं । रितेश एमएक्स टकाटक प्लेटफार्म से जुड़ने के बाद न सिर्फ शहरी और मेट्रो क्षेत्रों में दर्शकों से जुड़ेंगे, बल्कि ग्रामीण अंचलों के दर्शकों से भी चर्चा कर पाएंगे। इस बारे में बताते हुए रितेश देशमुख ने कहा, अभिनय और लोगों का मनोरंजन करना हमेशा मुझे प्रेरित करता है और जब इसमें थोड़ी मस्ती और हंसी शामिल हो जाए, तो फिर बात ही कुछ अलग है। मैं एमएक्स टकाटक परिवार का हिस्सा बनने को लेकर वाकई उत्साहित हूं, जहां मैं व्यक्तिगत रूप से इस इस प्लेटफार्म की बड़ी दर्शक संख्या से जुड़ सकूंगा। मुझे यकीन है कि यह मेरे लिए वाकई एक टकाटक सफर की शुरुआत होगी।

यूपी चुनाव के चौथे चरण में तराई पट्टी में सिख-कुर्मी-पासी का जबरदस्त मतदान के मायने?

नई दिल्ली। देश में चल रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में यूपी के चौथे चरण के मतदान में 9 जिलों में 59 सीटों पर उतरे 624 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। बुधवार को सिख-किसान बहुल तराई बेल्ट और लखनऊ सहित अवध इलाके की सीटों पर मतदान हुए। चुनाव आयोग के मुताबिक, चौथे फेज की 59 सीटों पर 61.52 फीसदी मतदान रहा जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में इस सीटों पर 62. 55 फीसदी वोटिंग रही थी और 2019 के लोकसभा चुनावों में यह 60.03 प्रतिशत था। चौथे चरण के चुनाव के वोटिंग ट्रेंड को देखें तो पिछले चुनाव से एक फीसदी वोटिंग कम हुई है, लेकिन सिख और किसान बहुल सीटों पर जमकर मतदान हुए हैं। इस फेज में किसान आंदोलन का असर वाले तराई बेल्ट में सिख वोटर थे तो अवध के इलाके पासी निर्णायक है। सिख और किसान बहुल सीटों पर वोटिंग ज्यादा हई हैं जबकि शहरी क्षेत्रों में फीकी रही है। सिख बहुल पीलीभीत में 67.59 फीसदी, लखीमपुर खीरी में 66.32 फीसदी, सीतापुर में 62.66 फीसदी रही। वहीं, हरदोई में 58.99 फीसदी, उन्नाव में 57.73 फीसदी, लखनऊ में 60.05 फीसदी, रायबरेली में 61.90 फीसदी, बांदा में 60.36 फीसदी, फतेहपुर में 60.07 फीसदी रही।



चौथे चरण के तराई बेल्ट और अवध इलाके की सीटों पर चुनाव हुए हैं,जहां पर 61.52 फीसदी वोटिंग रही। हालांकि, 2012 में इन 59 सीटों पर 61.55 फीसदी वोटिंग हुई थी जबकि 2017 में 62.55 फीसदी था। इस तरह से 2012 की तुलना में 2017 में वोटिंग में एक फीसदी का इजाफा हुआ था। 59 सीटों का वोटिंग फीसदी बढ़ने से बीजेपी को जबरदस्त फायदा और विपक्षी दलों का नुकसान हुआ था।

चौथे चरण की जिन 59 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनके विश्वलेषण करने पर साफ पता चलता है कि वोटिंग फीसदी बढ़ने से विपक्ष को लाभ मिलता। 2017 में इन 59 में से 51 सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों को जीत मिली थी जबकि एक सीट उसके सहयोगी अपना दल को मिली थी। सपा को 4 और कांग्रेस-बसपा को दो-दो सीट मिली थी। वहीं, 2012 के चुनाव में इन 59 सीटों में से बीजेपी को 3, सपा को 39, बसपा को 13, कांग्रेस को तीन और अन्य को एक सीटों पर मिली थी। इस तरह से 2017 में बीजेपी को 48 सीटों का फायदा मिला था तो सपा को 35, कांग्रेस को 1 और बसपा को 11 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था।

वहीं, 2007 के विधानसभा चुनाव में इन 59 सीटों पर 49 फीसदी वोटिंग हुई थी, जिसमें बसपा को 27, सपा 17, भाजपा 9 और 6 सीटें कांग्रेस को मिली थी। 2012 के चुनाव में 12 फीसदी वोटिंग इजाफा हुआ तो सपा को 22 सीटों का फायदा तो बसपा को 14 सीटों का नुकसान हुआ था। पिछले तीन चुनाव की वोटिंग पैटर्न से यह बात साफ होती है कि वोटिंग फीसदी के बढ़ने से विपक्ष को फायदा मिला तो सत्तापक्ष को नुकसान रहा है। इस बार की वोटिंग लगभग 2012 के चुनाव के बराबर रही है।

ज्ञात हो कि चौथे चरण के लिए जिन इलाके में वोटिंग हुई है, वहां के सियासी समीकरण को देखें तो तराई बेल्ट के तहत आने वाले पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में सिख, किसान और कुर्मी वोटर अहम है तो अवध के हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, लखनऊ में पासी समुदाय काफी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा फतेहपुर और बांदा के इलाके में कुर्मी, निषाद और दलित वोटर अहम है। हालांकि, अवध की सीटों पर ब्राह्मण और ठाकुर वोटर भी काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

नवाब मलिक की गिरफ्तारी के विरोध में महाराष्ट्र के मंत्रियों ने धरना दिया

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन के एक मामले में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और राज्य के कई अन्य मंत्रियों ने गुरुवार को धरना दिया। राज्य सचिवालय मंत्रालय के नजदीक लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना स्थल पर सबसे पहले पवार पहुंचे। राज्य के गृह मंत्री दिलीप वाल्से पाटिल, स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे, राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट, जल संसाधन मंत्री जयंत पाटिल, आवास मंत्री जितेंद्र आव्हाड, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल, राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार, गृह राज्य मंत्री सतेज पाटिल और पर्यटन राज्य मंत्री अदिति तटकरे भी प्रदर्शन में शामिल हुए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर भी इस दौरान मौजूद रहीं। थोराट ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि केन्द्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को खामोश करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के इतिहास का एक काला अध्याय है। राकांपा की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि मलिक के खिलाफ लगे आरोप बेबुनियाद हैं।

उन्होंने कहा कि मलिक आतंकवाद से संबंध के उन पर लगे सभी आरोपों का जवाब अदालत में देंगे। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को सत्ता से बाहर करने का प्रयास अभी तक सफल नहीं हुआ है। मंत्रिमंडल सदस्य के खिलाफ कार्रवाई इसी का हिस्सा है। ईडी ने महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री नवाब मलिक (62) को धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मलिक को धन शोधन से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें तीन मार्च तक के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी का कहना है कि यह जांच, भगौड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम, उसके सहयोगियों और मुंबई अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों से संबंधित है। सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी के शीर्ष नेताओं की बुधवार शाम हुई एक बैठक के बाद, राकांपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा था कि मलिक का इस्तीफा लेने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी कांग्रेस : हार्दिक पटेल

लखनऊ। कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीद से कहीं ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेगी और मजबूत बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद देश की राजनीति करवट लेगी। पटेल ने उम्मीद जताई कि पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी और उत्तर प्रदेश में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

कांग्रेस नेता पटेल ने कहा मैंने पंजाब, उत्तराखंड और यूपी में अपनी पार्टी के लिए प्रचार किया है। मैं यह कह सकता हूं कि लोगों में कांग्रेस को लेकर उत्साह है। इसके साथ ही पटेल ने तीनों राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा भी किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और मजबूत बनकर सामने आएगी। इसके साथ ही पटेल ने कहा कि पांच राज्यों के चुनावी नतीजों की वजह से देश की राजनीति नई करवट लेगी और कांग्रेस केंद्र की सत्ता की ओर एक बार फिर से कदम बढ़ाएगी।

इससे पहले हार्दिक पटेल ने कहा कि अगर गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए 2015 में किए गए पाटीदार आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी शेष आपराधिक मामलों को वापस नहीं लेती है तो 23 मार्च के बाद राज्य में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

महिला पोलिंग अफसर रीना द्विवेदी अब अपनी वेस्टर्न ड्रेस को लेकर चर्चा में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बीच एक महिला पीठासीन अधिकार रीना द्विवेदी अब अपनी पीली साड़ी के बजाय अपनी पश्चिमी ड्रेस को लेकर चर्चा में हैं। लखनऊ की रहने वालीं रीना द्विवेदी इस बार राजधानी के मोहनलालगंज विधानसभा के गोसाईगंज बूथ पर कुछ अलग लुक में नजर आईं। रीना द्विवेदी इस बार ब्लैक स्लीवलेस टॉप और व्हाइट ट्राउजर में दिखीं। आंखों पर ब्लैक सनग्लास पहनीं रीना की तस्वीर फिर से सोशल मीडिया में वायरल होने लगी है। रीना द्विवेदी ने कहा कि वह किसी एक ड्रेसिंग सेंस में बंधी हुई नहीं हैं। वह हर तरह की ड्रेस और फैशन को फॉलो करती हैं। काम के साथ-साथ हर चीज पर ध्यान देती हैं। यह उनकी खुशकिस्मती है कि लोग उन्हें पसंद करते हैं। रीना कहती हैं कि ठंड का समय था इसलिए वेस्टर्न ड्रेस पहन लिया। उन्होंने कहा कि वह हर तरह की ड्रेस पहनती हैं।

रीना द्विवेदी ने बताया कि पीली साड़ी की वजह से लोग उन्हें जानने लगे हैं। जब लोग वोट डालने आते हैं तो उनके साथ सेल्फी लेते हैं। अगर उनके कारण वोटिंग में 1 परसेंट में भी बढ़ोतरी होती है तो यह उनके लिए बड़ी खुशी की बात है। आपको बता दें कि लखनऊ में भले ही सुबह 5 बजे तक कुल 55.08 प्रतिशत मतदान हुआ, लेकिन मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के जिस बूथ पर नंबर 114 पर रीना द्विवेदी ड्यूटी पर थीं, वहां पर 80 प्रतिशत मत पड़े थे। इससे पहले रीना द्विवेदी उत्तर प्रदेश में 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान ड्यूटी पर जाते समय पीली साड़ी पहनी थी। इस पोलिंग अफसर की तस्वीर जमकर वायरल हुई थी। इसके बाद वो पीली साड़ी वाली पोलिंग अफसर बन गईं।

मालूम हो कि रीना द्विवेदी लखनऊ के पीडब्लूडी विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात हैं। रीना द्विवेदी एक बेटे की मां हैं, लेकिन अपनी फिटनेस को लेकर वह हमेशा सजग रहती हैं। रीना के पति का साल 2013 में बीमारी के कारण निधन हो गया था। साल 2004 में उनकी शादी पीडब्यूडी विभाग में काम करने वाले सीनियर सहायक संजय द्विवेदी से हुई थी।

रेहड़ी-पटरी वालों से मिलेगी निजात वेंडर मार्केट बनाने की तैयारी पूरी

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में इधर-उधर खड़े होने वाले रेहड़ी पटरी से निजात मिलने वाली है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर के पांच सेक्टरों में वेंडर मार्केट बनाएगा। इसके लिए जगह और डिजाइन को फाइनल कर दिया गया है। इन सेक्टरों में 215 क्योस्क बनाए जाएंगे। इसके निर्माण में 1.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई गई है। 10 मार्च के बाद इसमें और तेज आएगी। वेंडर मार्केट बनने से सेक्टर में एक ही जगह रेहड़ी पटरी खड़े हो सकेंगे। शहर में रेहड़ी पटरी वाले जगह-जगह बेतरतीब तरीके से खड़े हो जाते हैं। इसके चलते कई जगह जाम की स्थिति बन जाती है। इससे शहर की खूबसूरती भी खराब होती है। इन सब समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वेंडर मार्केट बनाने का फैसला किया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहले चरण में 5 सेक्टरों में वेंडर मार्केट बनाएगा। इसके लिए जगह और डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है। इन वेंडर जोन में छोटे-छोटे क्योस्क बनाए जाएंगे, जहां से ग्रेनोवासी दैनिक जरूरतों का सामान खरीद सकेंगे। इनको बनाने में करीब 1.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आचार संहिता लगने से पहले टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी। 10 मार्च के बाद इस काम में और तेजी आने की उम्मीद है। वेंडर मार्केट में कई तरह की सुविधाएं दी जाएंगी ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। यहां पर बेंच लगाई जाएंगी। ताकि यहां आने वाले लोग आराम कर सकें। शौचालय और पार्किंग स्थल भी बनाए जाएंगे। इसके बन जाने से ग्रेटर नोएडा की सड़कों और ग्रीन बेल्ट के किनारे खड़ी रेहड़ी-पटरी से निजात मिल जाएगी।

बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख 8 मई तय

चमोली। इस साल चार धाम यात्रा शुरू करने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख 8 मई तय हो गई है। चार धाम यात्रा के लिए तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तराखंड प्रशासन में भी हलचलें देखी जा रही हैं। बद्रीनाथ धाम के रूट और मार्ग में सुरक्षा संबंधी तमाम तैयारियों का जायजा लेने के लिए चमोली की एसपी श्वेता चौबे पहुंचीं। उन्होंने बद्रीनाथ धाम के रूट संबंधी प्लान के बारे में चर्चा की, संवेदनशील पॉइंट्स का मुआयना किया और अफसरों को यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की तमाम सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ धाम का मुआयना कर लौटते समय चौबे ने मीडिया को बताया कि बद्रीनाथ धाम के रूट पर सुरक्षा के लिहाज से इंतजाम किए जा रहे हैं। बाजपुर, चमोली, बिरही चढ़ा समेत हेलांग इलाकों को यात्रा के समय वन वे रूट रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि क्षेत्रपाल, पागलनाला, गुलाबकोटी, मारवाड़ी और हेलांग इलाकों को खतरनाक स्पॉट्स के रूप में चिह्नित किया गया है।

नवाब मलिक की गिरफ्तारी पर मायावती ने साधा भाजपा पर निशाना

लखनऊ। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक की गिरफ्तारी पर बसपा प्रमुख और पूर्व मुख?यमंत्री मायावती का बयान सामने आया है। गुरुवार सुबह मायावती ने ट्वीट करके भाजपा पर निशाना साधा। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट किया-उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा के चुनाव को प्रभावित करने के लिए देश में कभी आतंकवाद के नाम पर व कभी महाराष्ट्र में जांच एजेंसियों की गतिविधियों को के माध्यम से विरोधियों को चुप कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जो कुछ हो रहा है, वह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है।

मायावती ने कहा कि इससे जनता को सतर्क रहना चाहिए।

इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस तरह की एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोगों को अपमानित करती है। झूठे मुकदमे में फंसाती है। झठे मुकदमे लगाकर जेल भेजती है। हमने कई बार देखा है कि यहां पर भारतीय जनता पाटीर्की सरकार ने बताया था कि उनको खतरा है कि विधानसभा में आतंकवादी हमला हो सकता है, लेकिन पुड़िया निकली थी। उन्होंने कहा कि जिस पुड़िया पर आतंकी साजिश का हल्ला मचाया, जांच एजेंसियों ने जब बाद में पुड़िया को खोला तो देखा कि उसमें लकड़ी का घिसा हुआ पाउडर भरा है। उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा के आमचुनाव को प्रभावित करने के लिए देश में कभी आतंकवाद के नाम पर व कभी महाराष्ट्र में चल रही जांच एजेन्सियों की गतिविधियों को भी लेकर जो कुछ हो रहा है, यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता जरूर सतर्क रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग कुछ भी कर सकते हैं। इनसे संभलकर रहना जरूरी है।

किसका होगा फायदा किसे नुकसान वोट देने में शहरी से आगे निकले ग्रामीण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में निर्वाचन आयोग और प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद मतदान का प्रतिशत अपने लक्ष्य से काफी पिछड़ गया। शाम सात बजे तक 60.05 मतदान ही दर्ज किया गया, जो जिले के लिए तय किए गए 80 फीसदी के लक्ष्य से करीब 20 फीसदी कम रह गया। सभी नौ विधान सभा सीटों पर ग्रामीण इलाकों के मतदाता शहरी से आगे निकले। शाम तक मोहनलालगंज का 67.48 और मलिहाबाद 66.1 को पार कर चुका था। देर रात तक बूथों से मतों की संख्या का जोड़ गणित जारी रहा। अब राजनीतिक दल और उनके रणनीतिकार यह अंदाज लगाने में जुटे हैं कि शहर से ज्यादा गांवों में मतदान का फायदा किसे होगा और किसे नुकसान? कई बूथों पर तो सुबह कुछ मतदाता दिखे लेकिन दोपहर बाद संख्या घट गई। लखनऊ पूर्व, लखनऊ कैंट और सरोजनीनगर के कई बूथ शाम तक सूने हो गए।

जयमाल के स्टेज पर खुली दूल्हे की पोल तो बेहोश हो गई दुल्हन, होश में आने पर शादी से किया इनकार

इटावा। मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म बाला का दृश्य एक शादी समारोह में देखने को मिला। जयमाल के स्टेज पर दूल्हे की पोल खुली तो लोगों की हंसी छूट गई, लेकिन दुल्हन बेहोश होकर स्टेज पर ही गिर पड़ी। दुल्हन जब होश में आई तो उसने शादी करने से इन्कार कर दिया। काफी मान मौव्वल के बाद भी वह नहीं मानी तो बिना फेरे लिए दूल्हा और बरात बैंरग लौट गई। इस बीच वर और वधू पक्ष के बीच मारपीट तक की नौबत भी आ गई, लेकिन बड़े-बुजुर्गों के बीच में आ जाने से स्थिति संभल गई। भरथना थानाक्षेत्र के ध्यानपुरा निवासी व्यक्ति ने बेटी की शादी बिधूना निवासी अजय कुमार के साथ तय की थी। 16 फरवरी को कन्या के पिता ने बिधूना पहुंचकर वर का लगुन चढ़ाने की रस्म की। तय तिथि के अनुसार 22 फरवरी को बरात ऊसराहार थानाक्षेत्र के उद्देतपुर गांव स्थित मैरिजहोम में पहुंची। रात में वरमाला का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। जयमाल के स्टेज पर दूल्हे के बाल देखकर दुल्हन को शक हुआ। इसपर उसे किसी ने बताया कि दूल्हे ने विग लगा रखी है। सिर पर नकली बाल लगे होने की जानकारी पर दुल्हन ने ध्यान से दूल्हे को देखा तो बात सच निकली। दूल्हे के बाल न होने और विग लगाए देखकर दुल्हन को चक्कर आ गया और वह स्टेज पर गिर पड़ी। दुल्हन को चक्कर आने की जानकारी होते ही पंडाल में अफरा तफरी मच गई और जब दूल्हे के विग लगाकर आने की जानकारी हुई तो सभी हंसी छूट गई। होश में आते ही दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया तो घरवालों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। कन्या पक्ष ने वर पक्ष पर धोखा देने का आरोप लगाया। इसके बाद दुल्हन को लेकर वधू पक्ष गेस्ट हाउस छोड़कर घर चला गया। बिना फेरे सुबह दूल्हा और बरात भी लौट गई। इसके बाद दूल्हा पक्ष ऊसराहार थाने पहुंचा और घटना की जानकारी दी।

ओडिशा में 18 महिलाओं से शादी करने वाले झोलाछाप डॉक्टर की बहन गिरफ्तार

भुवनेश्वर। कई राज्यों की 18 महिलाओं को धोखा देकर शादी कर लाखों रुपए ऐंठने वाले ओडिशा के डॉक्टर की बहन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रमेश चंद्र स्वान नाम का यह आरोपी खुद को डॉक्टर बताता था। वह स्वास्थ्य मंत्रालय और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का वरिष्ठ अफसर होने की झूठी बात बताकर कई राज्यों की 18 महिलाओं से शादी कर चुका है। उसे ओडिशा पुलिस 14 फरवरी को ही गिरफ्तार कर चुकी है। भुवनेश्वर के डीसीपी उमाशंकर दास ने बताया कि केस की जांच में यह बात भी सामने आई थी कि रमेश की बहन ने भी उसे इन कई शादियों में मदद की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये रमेश की बहन से पूछताछ की गई थी। इसमें उसने अपनी भागदारी को कबूल कर लिया था। जब रमेश शादी करता था तो उसकी बहन उसकी फर्जी पहचान को सच साबित करने में मदद करती थी।

80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग व अनिवार्य सेवा मतदाता पोस्टल बैलट से करेगें मतदान

मऊ। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत पोस्टल बैलट से मतदान कराए जाने की तैयारियों को लेकर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम एवं माइक्रो आब्जर्वर के साथ द्वितीय प्रशिक्षण परियोजना निदेशक मत्स्य नाथ त्रिवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से कराए जाने वाले मतदान के बारे में बताया कि ऐसे मतदाता जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाता, कोविड-19 से संक्रमिक या कोई संक्रमण की आशंका वाले मतदाता एवं अनिवार्य सेवा वाले मतदाताओं का पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जाना है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में ऐसे मतदाताओं का उनके घर तक जाकर मतदान कराए जाने की सुविधा प्रदान की गई है। जनपद में ऐसे मतदाताओं का चिन्हित कर फार्म 12 डी उपलब्ध पहले ही करा दिया गया है। जिससे उनकी सहमति से उनके घर पर ही मतदान कराया जाना है। उन्होंने बताया कि उक्त श्रेणी में आने वाले मतदाता यदि साधारण तरीके से चाहे कि वे अपने बूथ पर जाकर मतदान कर लें तो ऐसा नहीं कर पाएंगे। उनको पोस्टल बैलट के माध्यम से ही मतदान करना होगा, क्योंकि उन्होंने अपनी सहमति पहले ही फार्म 12 डी में भर कर दे दी है। जिनकी सूची पोलिंग पार्टी को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मतपत्र देने से पहले मतदाता की पहचान उनके पहचान पत्र से भली-भांति कर लें। उन्होंने बताया कि पोलिंग टीमे जिम्मेदारी के साथ मतदान की गोपनीयता बनाए रखेंगे। मतदान पूरी तरह से पारदर्शी एवं निष्पक्षता पूर्वक कराया जाना है, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं की जानी है। उप कृषि निदेशक एसपी श्रीवास्तव द्वारा पोस्टल बैलट मतदान से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपस्थित समस्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मौखिक रूप से दी गई, तथा अपर संख्या अधिकारी रजनीश कुमार सिंह द्वारा मत पेटिका को खोलने तथा उसे सील करने सहित अन्य बातों को भी बताया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर हर्षिता तिवारी, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

मऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 12 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में बुधवार को भारत दूरसंचार निगम लिमिटेड, के अधिकारियों के साथ कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा, सचिव के नेतृत्व में बैठक आहूँत की गयी। बैठक में दूर संचार निगम लिमिटेड विभाग में लम्बित प्रकरणों को आगामी 12 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लगवाकर निस्तारित कराने पर चर्चा की गयी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा उपस्थित दूरसंचार निगम के अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि दूरसंचार विभाग के बकायेदारों की सूची नाम पता सही सही अंकित करते हुए नोटिस तैयार कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय मऊ में अविलम्ब उपलब्ध करायें, जिससे नोटिसों का तामिला सम्बंधित थाने के माध्यम से बकायेदार को समय से कराया जा सके। बैठक में अनिल कुमार सिंह, एसडीसी, सीडीओटी कमलेश चैहान, एजीएम दूर संचार, बीके सिंह, एसडीओ तथा संजय मौर्या, एओ मऊ। उपस्थित रहे।

महिला के खाते से निकाले 50 हजार रुपये

आजमगढ़। जीयनपुर थाना क्षेत्र के महावतगढ़ निवासी सुनीता पत्नी दिनेश के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर कुछ लोगों ने 50 हजार रुपये निकाल लिये। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। आरोप लगाया कि बैंक कर्मियों की मिली भगत से मेरे खाते से पैसा निकाला गया है। कहाकि बैंक आफ इंडिया जीयनपुर में मेरा खाता हैं। इसमें एक लाख रुपये थे, जिसमें से 19 फरवरी को 50 हजार रुपये निकाल लिये। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद मुझे भनक लगी तो इसकी शिकायत बैंक में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कुछ लोगों ने फोन करके मुझे धमकी भी दी। पीड़िता ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

स्ट्रैंड्जा मुक्केबाजी में भारत का पहला पदक पक्का

सेमीफाइनल में पहुंची नंदिनी , कम से कम कांस्य पदक मिलना तय

सोफिया। युवा मुक्केबाज नंदिनी ने 73वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए पहला पदक पक्का कर लिया है।

नंदिनी ने यहां बुधवार को महिलाओं के 81 से से अधिक किग्रा वर्ग के क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की वेलेरिया एक्सेनोवा पर आसान जीत दर्ज की। नंदिनी ने शुरुआत से ही वेलेरिया पर दबदबा बनाया। उनके सटीक और शक्तिशाली पंचों ने तीसरे दौर में वेलेरिया को हिला कर रख दिया। परिणामस्वरूप नंदिनी को विजेता घोषित कर दिया गया। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन नंदिनी ने अब टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करके भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है जहां वह कजाकिस्तान की अन्य मुक्केबाज, पूर्व विश्व चैंपियन एवं 2021 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता लज्जत कुंगेइबायेवा से भिड़ेंगी। यूरोप के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के चौथे दिन गुरुवार को अनामिका (50 किग्रा) पदक हासिल करने की कोशिश करेंगी, जब वह क्वॉर्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगे, जबकि सुमित (75 किग्रा) दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि सात पुरुष और 10 महिला मुक्केबाजों वाला 17 सदस्यीय भारतीय दल टूर्नामेंट में भाग ले रहा है।

अरुंधति चौधरी और परवीन क्वॉर्टर फाइनल में

इस बीच मौजूदा युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी और परवीन ने अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबलों में 5-0 की प्रभावशाली जीत के साथ क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। अरुंधति ने जहां 70 किग्रा में इटली की मेलिसा जेमिनी को मात दी, वहीं परवीन ने 63 किग्रा में कजाकिस्तान की आइदा अबीकेयेवा को धूल चटाई, हालांकि सचिन कुमार (80 किग्रा) और रोहित मोर (57 किग्रा) और तीन महिला मुक्केबाज मीना रानी (60 किग्रा), अंजलि तुशीर (66 किग्रा) और स्वीटी (75 किग्रा) अपने-अपने मुकाबलों में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

विंडीज के बाद श्रीलंका पर चढ़ाई की तैयारी

पिछली टी-20 सीरीज में हार का बदला लेना चाहेगा भारत, चोटिल सूर्यकुमार भी बाहर

लखनऊ (एजेंसी)। दुनिया की मौजूदा नंबर एक टी-20 टीम भारत गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में उससे पिछली टी-20 सीरीज हार का बदला लेने के मजबूत इरादे से उतरेगा।

दरअसल भारत ने पिछले साल जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली थी, जो श्रीलंका ने 2-1 से जीती थी। उस समय हालांकि भारतीय टीम में न तो उसकी पहली पसंद के कई खिलाड़ी मौजूद थे और न ही मूल कोच। भारत तब पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर था और मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ रोहित शर्मा, विराट कोहली, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह सहित कई पहली पसंद के खिलाड़ी इस दौरे में शामिल थे, लेकिन इस बार श्रीलंका के सामने हिट मैन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली युवा और जोश से भरी दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम की कड़ी चुनौती होगी। भारत ने पिछले रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में 17 रन से हरा कर सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद छह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी की टी-20 टीम रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। दोनों टीमों के हालिया प्रदर्शन की बात करें तो भारत ने पिछली टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज को 3-0 से क्लीन किया है, जबकि श्रीलंका घर से बाहर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 4-1 से हार कर आ रहा है। भारत एक तरफ जहां भरपूर आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगा, वहीं दूसरी ओर श्रीलंका पर लगातार श्रृंखला हार का दबाव होगा। भारत को हालांकि इनफॉर्म बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और इनफॉर्म तेज गेंदबाज दीपक चाहर की कमी खलेगी, जो चोटों के कारण श्रीलंका सीरीज से बाहर हो गए हैं। सूर्य अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। दो प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर होने के बावजूद बीसीसीआई ने रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। श्रीलंका के स्टार स्पिनर वनिन्दू हसरंगा भी कोविद पॉजिटिव होने के कारण टी 20 सीरीज से बाहर हो गए हैं जिससे मेहमान टीम को सीरीज शुरू होने से पहले ही गहरा झटका लगा है। यूएई में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021 को छोड़ दें तो श्रीलंका ने पिछले साल जनवरी से अब तक खेली पांच टी-20 सीरीज में महज भारत के खिलाफ एक सीरीज जीती है। भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में घंटी बजाकर हले टी-20 मैच का शुभारंभ करेंगे।

फिलहाल मुझे फिटनेस को लेकर कोई समस्या नहीं : रोहित शर्मा

तीनों प्रारूपों (वनडे, टेस्ट, टी-20) में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह तीनों प्रारूपों में कप्तानी करने की अपनी योजना और इसे कैसे संतुलित करना है, को लेकर स्पष्ट हैं। भारतीय कप्तान ने अपनी फिटनेस के बारे में कहा, जहां तक मेरा सवाल है, फिलहाल मुझे फिटनेस को लेकर कोई समस्या नहीं है। मैं सभी मैच खेलने के लिए उत्सुक हूं। काम का बोझ हमेशा इस बात पर निर्भर करता है कि उसके बाद क्या होगा। आप इसे दिन प्रतिदिन लेते हैं और समझते हैं कि आपको क्या करना है। अगर आपके पास एक ब्रेक लेने का मौका होगा तो आप एक ब्रेक लेंगे और अन्य लोगों को देखेंगे कि कौन आपकी जगह भर सकता है और उसके पास किस तरह की क्षमता है। रोहित शर्मा ने रणजी खेल रहे सभी अनकैप्ड बल्लेबाजों को खास मैसेज दिया है। उन्होंने कहा कि मेरी सलाह उन सभी बल्लेबाजों के लिए यही है कि आप रन बनाते रहिए और मौके अपने आप मिलेंगे। टी20 सीरीज में जसप्रीत बुमराह को उप-कप्तानी सौंपी जाने पर रोहित ने कहा, यह बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता है कि उप कप्तान बल्लेबाज है या गेंदबाज। यह दिमाग है जो मायने रखता है और बुमराह के पास एक अच्छा गेम माइंड है। मैंने इसे करीब से देखा है। ईमानदारी से, हां, यह उसके लिए अब नेतृत्व की भूमिका में कदम रखने का एक अच्छा तरीका है।

संजू पर खुलकर बोले रोहित

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए सैमसन भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा हैं। सैमसन को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सैमसन में स्किल्स और टैलेंट दोनों है, लेकिन उन्हें सीखना होगा कि इसका इस्तेमाल कैसे करना है। रोहित ने कहा, उसके पास सफल होने के लिए जरूरी स्किल्स हैं। काफी लोगों के पास स्किल्स, टैलेंट होता है लेकिन सबसे अहम यह होता है कि आप उसका इस्तेमाल कैसे करते हैं।

देश के लिए खेलना शानदार अहसास : जडेजा

चोट से उबरने के बाद दो महीने बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने मैच से पूर्व अभ्यास सत्र के बाद कहा कि फिर से देश के लिए खेलना शानदार अहसास है। जडेजा ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, भारतीय टीम में वापसी करके अच्छा लग रहा है। टी-20 और टेस्ट श्रृंखला में खेलने को लेकर वास्तव में उत्सुक हूं। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं कि आखिरकार दो महीने बाद में भारत के लिए खेलने जा रहा हूं। इस 33 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि वह उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत की। जडेजा ने कहा, मैं एनसीए में अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत कर रहा था।

सूर्यकुमार और वेंकटेश ने टी20 रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग

कोहली व राहुल शीर्ष-10 में बरकरार

दुबई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैन ऑफ द सीरीज रहे भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के साथ वेंकटेश अय्यर ने टी20 रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

सूर्यकुमार यादव 107 रनों के साथ टी20 सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे, वहीं वेंकटेश अय्यर 92 रनों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इन दोनों बल्लेबाजों को इस धाकड़ परफॉर्मेंस का फायदा आईसीसी रैंकिंग में मिला। सूर्यकुमार जहां 35 पायदानों के फायदे के साथ 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं वेंकटेश अय्यर ने 203 पायदान की लंबी छलांग लगाई है, वह अब 115वें स्थान पर हैं। वहीं इस सीरीज में हिस्सा ना लेने वाले केएल राहुल और विराट कोहली को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वह क्रमशः 6ठें और 10वें स्थान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच हाल ही में समाप्त हुई टी20 ीरीज ने भी रैंकिंग में कुछ हलचल पैदा की। ऑस्ट्रेलिया के एश्टन एगर टॉप 10 गेंदबाजों में अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं, वह अब 9वें स्थान पर है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के बाद टेस्ट रैंकिंग में काइल जैमीसन और टिम साउथी क्रमशः नंबर 3 और नंबर 5 स्थान पर पहुंच गए हैं। दोनों गेंदबाजों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। जैमिसन करियर की हाईएस्ट रेटिंग 825 के साथ इस स्थान पर मौजूद हैं। वहीं नील वैगनर को ऑलराउंडर रैंकिंग में चार पायदान का फायदा हुआ है, वह 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 49 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी चटकाए थे।

चौथी बार फाइनल में पटना

पीकेएल-8: दिल्ली से होगी खिताबी भिड़ंत

बेंगलुरु। तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स के डिफेंस ने अपने कोच राममेहर सिंह की परदीप नरवाल को नहीं चलने देने की रणनीति पर बखूबी काम किया और साथ ही रेडरों ने अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय करते हुए अपनी टीम को चौथी बार वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के फाइनल में पहुंचा दिया।

जहं उसका सामना दिल्ली से होगा। मजेदार बात यह है कि इस सीजन में लीग स्तर पर दिल्ली ने दो बार पटना को हराया है। पटना ने बुधवार को खेले गए आठवें सीजन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी को 38-27 से हराया। खास बात यह है कि परदीप के साथ लगातार तीन खिताब जीतने वाली पटना परदीप के बगैर पहला सीजन खेलते हुए भी फाइनल में पहुंची है। दूसरी ओर, परदीप पर करोड़ों खर्च करने वाली यूपी ने पहला फाइनल खेलने का मौका गंवा दिया। पटना के लिए रेड में गुमान सिंह ने सबसे अधिक 8 अंक लिए लेकिन इस मैच का हीरो डिफेंस रहा, जिसने मोहम्मदरेजा शादलू (हाई-5) के नेतृत्व में परदीप को 6 बार रोकते हुए 16 अंक लिए। परदीप 16 रेड के बाद 4 अंक ही ले सके।

दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली ने बुल्स को हराया

दबंग दिल्ली ने दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बैंगलुरू बुल्स को 40-35 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। बीते सीजन के सेमीफाइनल में भी दिल्ली ने बुल्स को 44-38 हराया था। दिल्ली की जीत में उसके स्टार रेडर नवीन कुमार (14) की अहम भूमिका रही। इसके अलावा नीरज नरवाल ने एक सुपर रेड के साथ 5 अंक लिए। दिल्ली के डिफेंस ने 11 अंक लिए। बुल्स के लिए हाईपलायर पवन सेहरावत ने 18 अंक लिए लेकिन कोई और रेडर उनका साथ नहीं दे सका। बुल्स के डिफेंस ने 9 अंक लिए।

युवराज सिंह का कैंसर से जंग जीतना सभी के लिए प्रेरणा : विराट कोहली

नई दिल्ली। पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को लेकर भावुक चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने बताया कि किस तरह विराट कोहली सामान्य क्रिकेट से किंग कोहली बने। इसके जवाब में अब कोहली ने भी युवी की तारीफ की और ट्विटर पर थैंक यू नोट लिखते हुए कहा, प्यार के लिए थैंक्स युवी पा। आपका कैंसर से जंग जीतना न केवल क्रिकेटर्स, बल्कि दुनिया के सभी लोगों के लिए प्रेरणा है।

आप हमेशा से अपने लोगों के प्रति उदार और ख्याल वाले रहे हैं। मेरी तरफ से आपको प्यार। भगवान आपका भला करें। युवी रब राखा। बता दें कि एक दिन पहले ही युवी ने लंबा पत्र लिखते हुए कोहली की तारीफ की थी। विराट और युवी न केवल टीम इंडिया, बल्कि आईपीएल टीम आरसीबी के लिए साथ खेले। वे काफी करीबी दोस्त भी हैं। अक्सर इंटरव्यू में एक-दूसरे की तारीफ भी करते दिखाई देते हैं।

विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाइनल में श्याम व ज्योति की जोड़ी

भारत को रजत पदक मिलना निश्चित

दुबई। भारत ने बुधवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। श्याम सुंदर स्वामी और ज्योति बालियान की जोड़ी ने कम्पाउंड मिश्रित टीम ओपन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश के लिए कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया। भारतीय जोड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल में रूस की टीम से होगा। वर्ष 2017 के बाद से भारतीय पैरा तीरंदाजों ने बस विश्व चैम्पियनशिप को छोड़कर लगभग हर एकल स्पर्धा में पदक जीते हैं। श्याम सुंदर और ज्योति बालियान की जोड़ी ने इससे पहले 2021 फाज्जा विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट और 2019 बैंकाक एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीते थे। भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जूली चुपिन और थिएरी जोसायूमे की फ्रांसिसी जोड़ी को 151-145 से हराकर कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया। क्वॉर्टरफाइनल में उन्होंने मारिया आंद्रिया वर्जिलो और माटियो बोनासिना की इतालवी जोड़ी को 147-146 से हराया था। भारतीय जोड़ी ने इराक को 151-138 से हराकर शुरूआत की थी। ज्योति ने कहा, मैं शूटिंग लाइन में वापसी कर काफी रोमांचित हूं और उम्मीद करती हूं कि अपना पहला विश्व चैम्पियनशिप पदक लेकर घर लौटूंगी।

निकिता के शानदार प्रदर्शन से भोपाल बालिका बी टीम विजयी

भोपाल। राजमाता सिंधिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में निकिता सिंह के दोहरा प्रदर्शन कर भोपाल बालिका बी टीम को ए के खिलाफ 13 रनों से जीत दिलाई। तमन्ना निगम का हरफनमौला प्रदर्शन भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। नेहरु नगर मैदान पर खेले गए मुकाबले में भोपाल बालिका बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 138 रन का स्कोर खड़ा किया। राहिला फिरदौस ने 45 रन, मर्जिया खान ने 34 रन व निकिता सिंह ने 23 रनों की पारी खेली। भोपाल ए की तमन्ना ने तीन विकेट चटकाए। जवाब में ए टीम पांच विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तमन्ना निगम ने 58 रन, ताशी ने 23 और रिषिता ने 18 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने के भरसक कोशिश की। बी टीम की निकिता और प्रीति ने दो-दो व रचना यादव ने एक विकेट लिया। निकिता प्लेयर आफ द मैच चुनी गई।

प्रधानमंत्री ने युवा ग्रैंडमास्टर प्रागननंदा को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रागननंदा को बधाई दी है। 16 साल के प्रागननंदा ने एयरथिंग्स मास्टर्स के आठवें राउंड में बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराया था। ऑनलाइन रैपिड चेस प्रतियोगित में प्रगनानन्दा ने यह कमाल दिखाया था। पीएम मोदी ने लिखा- हम सभी युवा प्रतिभाशाली प्रागननंदा की सफलता पर खुश हैं। मुझे उनके विश्व प्रसिद्ध चैंपियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ जीत हासिल करने की उपलब्धि पर गर्व है। मैं प्रतिभाशाली प्रगनानन्दा को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। प्रागननंदा की बहन वैशाली का कहना है कि उन्होंने बचपन में शौक से शतरंज खेलना शुरू किया था, लेकिन भाई ने उसे अपने जीवन का हिस्सा ही बना लिया। जब उसके उम्र में छोटे बच्चे खिलौने के प्रति आकर्षित होते, उसने तब तक खेल की सारी बारीकियां समझ ली थीं।

क्रिस्टियन व हावर्ट्ज के गोलों के दम पर जीता चेल्सी

चैंपियन्स लीग : लिली को 2-0 से हराया

लंदन। चेल्सी ने क्रिस्टियन पुलिसिच और काइ हावर्ट्ज के गोल के दम पर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम-16 दौर के पहले चरण के मैच में लिली पर 2-0 से जीत दर्ज की।

मौजूदा चैंपियन चेल्सी ने लुकाकु को खराब फॉर्म के कारण इस मैच में नहीं उतारे लेकिन हावर्ट्ज ने आठवें मिनट में ही गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक चेल्सी ने यह बढ़त बरकरार रखी। पुलिसिच ने 63वें मिनट में एन गोलो कांटे के शानदार प्रयास से दूसरा गोल दागा। इस बीच जुवेंट्स और विल्लारीयाल के बीच पहले चरण का एक अन्य मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। डुसान वलाहोविच ने खेल शुरू होने के 31वें सेकेंड में गोल करके जुवेंट्स को बढ़त दिला दी थी लेकिन विल्लारीयाल दानी पारेजो के 66वें मिनट में किए गए गोल से मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा।

जोस मोरिन्हो पर लगा दो मैच का प्रतिबंध

मिलान। रोमा के कोच जोस मोरिन्हो पर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के एक मैच के दौरान आक्रामक रवैया अपनाने के कारण दो मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। वेरोना के खिलाफ मोरिन्हो मैदान के अंदर चले गये थे। उन्होंने रेफरी से बहस की और गेंद पर किक मारकर उसे दर्शकों के पास फेंक दिया था। सेरी ए ने मंगलवार को अनुशासनात्मक कार्रवाई की घोषणा की। उसने कहा कि पुर्तगाल के रहने वाले मोरिन्हो का व्यवहार आक्रामक था। लीग ने उन पर 20 हजार यूरो का जुर्माना भी लगाया है।

दिल्ली कैपिटल्स ने अगरकर को सहायक कोच नियुक्त किया



नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को बुधवार को आधिकारिक रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स का सहायक कोच नियुक्त किया गया। मंगलवार को पीटीआई ने यह खबर दी थी। गुरूवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही भारत की घरेलू श्रृंखला में कमेंटरी की अपनी प्रतिबद्धतायें पूरा करने के बाद वह टीम से जुड़ जायेंगे। अगरकर ने टीम बयान में कहा, मैं इस सत्र के लिये दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा होकर बहुत रोमांचित हूं। उन्होंने कहा, मैं काफी भाग्यशाली हूं कि खिलाड़ी के बाद अब मैं अलग भूमिका में लौट रहा हूं। यह निश्चित रूप से काफी रोमांचकारी है। हमारे पास युवा और शानदार टीम है जिसकी अगुआई दुनिया के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक ऋषभ पंत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, और कोच रिकी पोंटिंग खेल के महान खिलाड़ी हैं। उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हूं। अगरकर (44 वर्ष) ने भारत के लिये 288 वनडे और 58 टेस्ट विकेट चटकाये हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे जिसमें पोटिंग, प्रवीण आम्रे (सहायक कोच) और जेम्स होप्स (गेंदबाजी कोच) शामिल हैं। उन्होंने आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स का प्रतिनिधित्व किया है।

ज्वेरेव ने मैच के दौरान खोया आपा, टूर्नामेंट से बर्खास्त

मैक्सिको ओपन : रैकेट से अंपायर की कुर्सी पर किया हमला

मैक्सिको। मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट में विश्व नंबर तीन जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मेन्स डबल्स के मैच के दौरान अपना आपा खो दिया और अपने टेनिस रैकेट से अंपायर की कुर्सी पर हमला कर दिया।

ज्वेरेव ने लगातार कई बार उस चेयर पर वार किया। इसके बाद टेनिस प्रशासन ने उन पर कार्रवाई करते हुए टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। मेन्स डबल्स के मैच में ज्वेरेव ब्राजील के मार्सेलो मेलो के साथ कोर्ट में उतरे थे। इन दोनों का सामना फिनलैंड के लॉयड ग्लासपूल और हैरी हेलिओवारा से था। पहला सेट गंवान 6-2 से गंवाने के बाद ज्वेरेव और मेलो ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और सेट को 6-4 से जीता। इसके बाद ज्वेरेव और मेलो ने तीसरे और निर्णायक सेट को 10-6 से गंवा दिया। इसी से ज्वेरेव का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया और गुस्से में रैकेट पटकते नजर आए। यह पूरी घटना लाइव मैच के दौरान हुआ। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया।

दूसरे दौर में पहुंचे मेदवेदेव व नडाल

स्पेन के राफेल नडाल ने मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिस कुडला को 6-3, 6-2 हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। अकापुल्को (2005, 2013 और 2020) में तीन खिताब जीतने वाले नडाल का अगला मुकाबला स्टीफन कोजलोव से होगा। वही अन्य मुकाबले में डेनियल मेदवेदेव ने बेनोइट पायर को 6-3, 6-4 से हराकर दूसरे दौर प्रवेश करने के साथ नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की अपनी कवायद जारी रखी। यह 26 वर्षीय रूसी खिलाड़ी यदि यहां खिताब जीतने में सफल रहता है तो वह नोवाक जोकोविच को हटाकर शीर्ष पर काबिज हो जाएगा। अन्य मैचों में स्टेफनोस सितसिपास ने लास्लो जेरे को 7-6(7), 7-6(4) से पराजित किया। टॉमी पॉल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी के दूसरे सेट में पेट दर्द के कारण हट जाने के बाद दूसरे दौर में जगह बनायी जबकि योशिहितो निशियोका ने फेलिसियानो लोपेज को 2-6, 6-0, 6-4 से हराया। कैमरून नोरी ने डेनियल अल्तमेयर को 7-6 (5), 6-2 से पराजित किया और अब उनका सामना जॉन इस्नर से होगा।

दुबई चैंपियनशिप के अगले दौर में खाचनोव, जोकोविच से होगा सामना

दुबई। रूस के कारेन खाचनोव ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के अगले दौर में प्रवेश किया। खाचनोव ने ऐक्स डि मिनौर को 6-3, 6-7 (1), 7-5 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच से होगा। अपना नौवां टूर खिताब जीतने के दो दिन बाद दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने पहले दौर में डेनियल इवान्स को 6-4, 7-5 से हराया। मार्सेली में ओपन 13 टूर्नामेंट के फाइनल में फेलिक्स आगुर अलिसामी को हराने वाले रूसी खिलाड़ी रूबलेव अगले दौर में दक्षिण कोरिया के सूनवू क्वान से भिड़ेंगे जिन्होंने इलिया इवाश्का को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 6-3 से हराकर वर्ष 2022 का अपना पहला मैच जीता था।चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 4-6, 7-6 (6), 6-3 से हराया। उनका अगला मुकाबला एंडी मर्रे से होगा। अमेरिकी क्वॉलीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने रूस के सातवीं वरीयता प्राप्त असलान करात्सेव को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। उन्हें अब सर्बिया के फिलिप क्राजिनोविच का सामना करना है।

ईवीएम मशीनों का द्वितीय रैण्डमाईजेशन डीएम व एसपी की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु समस्त विधान सभाओ में प्रयोग किये जाने वाले ई.वी.एम मशीनो का द्वितीय रैण्डमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये मा. प्रेक्षकगणो, जिला निर्वाचन अधिकारी एम.पी. सिंह, पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह तथा जनपद की समस्त विधान सभा क्षेत्र से आये राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं सहमति के साथ राईफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। ई.वी.एम के द्वितीय रैण्डमाईजेशन की सारी प्रकियाए ई.सी.आई के ऑन लाईन साफ्टवेयर पर पूर्ण की गयी, जिसे प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया जिसपर राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी सहमति भी व्यक्त की।

विधान सभा जखनिया में कुल 15 प्रत्याशी, 01 नोटा के साथ कुल 471 मतदेय स्थलो पर 603 बैलेट यूनिट, 603 कन्ट्रोल यूनिट तथा वी वी पैट 665 लगायी जायेगी। विधान सभा सैदपुर में 10 प्रत्याशी, 01 नोटा के साथ 437 मतदेय स्थलो पर कुल 550 बैलेट यूनिट, 550 कन्ट्रोल यूनिट तथा 608 वीवीपैट लगाया गया है। विधान सभा गाजीपुर में 19 प्रत्याशी एक नोटा के साथ कुल 382 मतदेय स्थलो पर 968 बैलेट यूनिट, 484 कन्ट्रोल यूनिट तथा 534 वीवीपैट लगाया गया है। विधान सभा जंगीपुर में 13 प्रत्याशी एक नोटा के साथ कुल 411 मतदेय स्थलो पर 519 बैलेट यूनिट, 519 कन्ट्रोल यूनिट तथा 573 वीवीपैट लगाये गये है। विधान सभा जहूराबाद में कुल 13 प्रत्याशी, एक नोटा के साथ कुल 465 मतदेय स्थलो पर कुल 590 बैलेट यूनिट, 590 कन्ट्रोल यूनिट, 651 वीवीपैट लगाये गये है। विधान सभा मुहम्मदाबाद में 10 प्रत्याशी एक नोटा के साथ 480 मतदेय स्थलो पर 617 बैलेट यूनिट, 617 कन्ट्रोल यूनिट तथा 681 वीवीपैट लगाये गये है। विधान सभा जमानियां में 14 प्रत्याशी एक नोटा के साथ कुल 444 मतदेय स्थलो पर 566 बैलेट यूनिट, 566 कन्ट्रोल यूनिट तथा 624 वीवीपैट लगाये गये है, जिसका द्वितीय रैण्डमाईजेशन कर उपस्थित राजनैतिक दलो पदाधिकारियों की सहमति पर फाईनल लॉक कर दिया गया है तथा इसकी सूची भी उपलब्ध करा दी गयी। उन्होने बताया कि रैण्डमाईजेश की सारी प्रक्रिया ई सी आई के ऑन लाईन साफ्टवेयर पर पूर्ण कर लॉक कर दिया गया है। अब इसमे किसी प्रकार की छेड़छाड नही की जा सकती सारी प्रक्रियाए ऑनलाईन है। उन्होने बताया कि केवल विधान सभा सदर-375 में प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने पर बैलेट यूनिट की संख्या बढाई गयी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एम पी सिंह ने बताया कि आज 24 फरवरी 2022 से 01 मार्च 2022 तक स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोराबाजार मे मतदान कार्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण 01 पाली में कराया जा रहा है। 25 फरवरी 2022 से इ.वी.एम मशीनों की कमिश्निग की जायेगी। जिसमें राजनैतिक दलो के पदाधिकारी अपने-अपने पहचान पत्र के साथ आकर कमीशनिंग प्रक्रिया को देख सकते है। उन्होने बताया कि कार्मिको के प्रशिक्षण का समय पूर्वान्ह 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगा। निर्वाचन में तैनात कार्मिकों को मतदान हेतु पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गयी है, जिसे प्रशिक्षण के उपरान्त अपरान्ह 03 बजे से सायं 06 बजे तक गठित टीमो द्वारा विधान सभावार बनाये गये मतदान फसीलिटेशन सेन्टर से सम्पन्न कराया जायेगा। इस अवधि में सभी राजनैतिक दलो के एक -एक एजेन्ट अपने-अपने पहचान पत्र के साथ उपस्थित होकर मतदान की सारी प्रक्रिया देख सकते है। उन्होने बताया कि जनपद में 80 वर्ष के उपर के मतदाता, कोविड पाजीटिव तथा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। समस्त विधान सभाओ के लिए 25 टीमे गठित की गयी है। गठित टीमे पुलिस अभिरक्षा में इनके घरो तक पहुचकर निष्पक्ष मतदान करायेगें।

नाबालिक से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की कैद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रथम विष्णुचंद्र वैश्य की अदालत ने गुरुवार को नाबालिक पीड़िता के साथ दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 20 साल की कड़ी कैद के साथ ही 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड की धनराशि में आधा धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया। अभियोजन के अनुसार थाना करण्डा गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाना करण्डा में इस आशय की तहरीर दिया कि 1 जनवरी 2019 को अपनी नाबालिक लड़की को लेकर गांव जा रहे थे कि रास्ते मे प्रतापपुर निवासी अरविंद राम अपनी मोटरसाइकिल से मिला और वादी की लड़की को अपने साथ मोटरसाइकिल से घर छोड़ने को कहा। उसकी बातों पर भरोसा करके अपनी लड़की को उसके साथ जाने दिया कि वह समय से घर पहुच जाए। जब वादी घर पहुचा तो उसकी लड़की घर नही आई थी। काफी देर बाद घर आई लड़की से वादी ने पूछा की देर क्यो हुआ है, तब पीड़िता ने रो रो कर बताया कि अरविंद मुझे दीनापुर अपनी रिस्तेदारी में ले जाकर मेरे साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। वादी की सूचना पर थाना करण्डा में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ, जिसमें पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना उपरांत आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक अनुज राय ने कुल 6 गवाहों को पेश किया। जिसमें सभी ने न्यायालय में अपना अपना बयान दर्ज कराया। दोनो तरफ की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने उपरोक्त फैसला सुनाया।

स्वास्थ्य विभाग और आबकारी विभाग की संयुक्त बैठक सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आजमगढ़ के फूलपुर में जहरीली शराब पीने से हुई मौत के बाद शासन ने इसे गंभीरता से लिया है। जिसके लिए अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने समस्त जिलाधिकारी एवं समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ ही समस्त जिला पुरुष, महिला चिकित्सालय के अधीक्षकों को पत्र भेजा है, जिसमें विषाक्त मदिरा के सेवन से बीमार व्यक्तियों के आपातकालीन इलाज हेतु प्रोटोकॉल जारी किया गया है। जिसको लेकर गुरुवार को जिला अस्पताल के सभागार में आबकारी विभाग और स्वास्थ्य विभाग की एक संयुक्त बैठक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किन्हीं परिस्थितियों में जहरीली शराब का सेवन करने के बाद गंभीर हुए मरीजों को किस तरह से इलाज करना और उन्हें कैसे पास के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना है। इसको लेकर यह बैठक किया गया है ताकि इस तरह की आपात स्थिति में लोगों की जान बचाई जा सके। विषाक्त मदिरा का सेवन करने वाले व्यक्ति के लक्षण में बेहोशी, झटके आना, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी, पेट दर्द और आंखों से कम दिखना हो सकता है। डॉ. सुजीत मिश्रा ने बताया कि विषाक्त मदिरा का सेवन करने वाले व्यक्ति को यदि 4 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचा दिया जाए और उसकी पेट की सफाई समय से कर

दिया जाए तो उसे बचाया जा सकता है। डॉ. नारायण पांडे ने बताया कि विषाक्त शराब का सेवन किया हुआ व्यक्ति को घटनास्थल से पास के स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाते समय उसे बाएं तरफ करवट करा कर लेटा दे और उसके सर को शरीर से नीचे रखें ताकि सांस लेने के रास्ते में विषाक्त मदिरा जाने से रोका जाए। यदि ऐसा करते हुए व्यक्ति को पास के स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल पहुंचाया जाए तो उसे आसानी से बचाया जा सकता है। डॉ. तनवीर ने बताया कि विषाक्त शराब का सेवन किए हुए व्यक्ति को उसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए एथनाल जो 15 से 30 मिलीलीटर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि एथनाल लीवर में जाकर विषाक्त शराब के प्रभाव को कम कर देता है। जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि इस बैठक से हमारे विभाग के इंस्पेक्टर और कांस्टेबल को जानकारी मिली है कि यदि इस तरह की घटना जनपद के किसी भी कोने में हो जाती है तो उन्हें पीड़ित व्यक्ति को किस तरह से पास के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा कर उसकी जान बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह बैठक शासन के निर्देश पर किया गया है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को रोका जाए। इस बैठक में डॉ. मृत्युंजय दुबे,, डॉ. के.एन. चौधरी, डॉ. प्रत्युष श्रीवास्तव, डॉ. मजीद, डॉ. मिथिलेश, डॉ. हर्ष नागवंशी के साथ ही आबकारी विभाग के सभी ब्लॉक के निरीक्षक और कांस्टेबल मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जै किशन साहू ने गुरुवार को चोचकपुर, करंडा, मेदनीपुर, गोशंदेपुर, गजाधरपुर, बड़सरा, धरम्मरपुर आदि ग्रामों में जनसम्पर्क कर सहयोग एवं समर्थन देने की अपील किया। उन्होंने इन ग्रामों में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मौका मिला तो हर कीमत पर आपके सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा करूंगा। उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाने एवं क्षेत्र का चौमुखी विकास करने का भी वादा किया और कहा कि आपकी सारी बुनियादी जरूरतों को पूरा करते हुए हर सुख दुख में पूरी मुस्तैदी से खड़ा रहने का काम करूंगा। आगे उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में सेवा भाव के साथ हमेशा सक्रिय रहा हूं। उन्होंने पार्टी द्वारा लिए गये तमाम संकल्पों का जिक्र करते हुए कहा समाजवादी पार्टी की सरकार बनने में ही सबकी भलाई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा सपा नेता राजकुमार पाण्डेय, आदित्य यादव, कमलेश यादव, उपेन्द्र यादव, बलिराम यादव, राजेंद्र यादव, पंकज यादव, खुरर्म, इस्लाम आदि उपस्थित रहे।

फर्जी जमीन दिखाकर रुपये ऐंठने वाले आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ जमीन दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। फूलपुर पुलिस ने एसीएम अष्ठम के आदेश व गुलाबी देवी के तहरीर में करधना मिजार्मुराद निवासी अशोक पटेल, कैलाश नाथ, मनीषा देवी तथा रघुनाथपुर निवासी सीमा देवी तथा असवालपुर निवासी राजेश पटेल व राकेश पटेल द्वारा सुबन्धिपुर करधना मिजार्मुराद में जमीन दिलाने के नाम पर वर्ष 2018 में यूनियन बैंक की शाखा बड़ौरा बाजार में दो बार मे 6 लाख व 25 हजार खर्चे के नाम पर ले लिया। जब जमीन देने की बात आई तो वह आनाकानी करने लगा। बाद में पता चला कि उनके नाम पर कोई जमीन ही नही है और फर्जी खतौनी दिखाई थी। बार बार दौड़ भाग करने पर धन तो वापस नही किया गया उल्टे जान से मारने की धमकी देने लगे। जबकि राजेश व राकेश पटेल मेरे पुत्र मनोज के साले लगते हैं। उनकी बहन भी इस साजिश में शामिल रही।

खड़ी ट्रक में पीछे से भिड़ीं हाईवा चालक घायल

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित कुदारन चौराहे के पास पहले से ही खराब हालत में खड़ी ट्रक में बुधवार की रात पीछे से आ रही तेज रफ्तार गिट्टी लदी हाईवा ट्रक भीड़ गई जिससे ट्रक चालक केबिन में फंसकर घायल हो गया । केबिन में फंसे ट्रक चालक को मौके पर पहुंची पुलिस घंटे भर के मशक्कत के बाद गैस कटर से आसपास के लोहे को काट कर बाहर निकाली और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा लेकर आई । पुलिस ने बताया कि घायल चालक जयप्रकाश पुत्र राजेंद्र यादव निवासी ग्राम बैगा थाना नौगढ़ जनपद चंदौली का रहने वाला है । संयोग है कि उसको हल्की चोट आई है । बाद में पुलिस ने दोनों ट्रकों को हटवाकर रोड पर आवागमन शुरू कराया ।

जनपद में 2 लोगों की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

पीडीडीयू नगर। दिन गुरुवार को प्राप्त परिणाम में 02 का रिपोर्ट पॉजटीव प्राप्त हुआ है।इनमे से 01 महिला व 01 पुरूष है।ये सभी लोकल ट्रैवलिंग या अपने कार्यस्थल से संक्रमित हुए है। जनपद चन्दौली में ये 02 नौगढ़ ब्लाक के रहने वाले है। इनके सम्पर्क में आये अन्य व्यक्तियों की कान्टैक्ट ट्रेसिंग कर अग्रेतर कार्यवाही की जा रहीं है व 02 व्यक्तियों के स्वस्थ्य होने की सूचना प्राप्त हुई है।जनपद में कोविड जॉच हेतु गुरुवार को कुल 1568 नमूने संग्रहित किये गए।इस प्रकार जनपद चन्दौली में कोविड के कुल 17898 केस व इनमें एक्टिव केस की संख्या 18 है।

सिरफिरे युवक ने मां बेटी पर किया धारदार हथियार से हमला

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली गांव में सिरफिरे युवक ने अपने पड़ोस की ही एक लड़की पर गुरुवार की भोर धारदार हथियार से हमला कर दिया उसकी मां ने जब लड़की को बचाने का प्रयास किया तो मां के

कई दिनों से लड़की के साथ करता था छेड़खानी शादी के लिए बना रहा था दबाव

ऊपर भी युवक ने हमला किया । बताया जाता है कि युवक अपने पड़ोस में रहने वाली एक लड़की को प्रतिदिन तंग करता था लड़की ने जब पुलिस से शिकायत किया तो पुलिस कार्रवाई करने के बजाय थाने में बैठा कर समझौता कराई और समझौता के कुछ घंटे के बाद ही लड़के ने लड़की पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया । जानकारी के अनुसार खुशी कुमारी उम्र लगभग 17 वर्ष पुत्री स्वर्गीय अखिलेश निवासी महुली अहरौरा को पड़ोस का युवक हिमांशु उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र महेंद्र पिछले कई दिनों से तंग कर रहा था जिसकी शिकायत खुशी ने अपनी मां एवं परिजनों से

किया तो लोगों ने हिमांशु को समझाने का प्रयास किया लेकिन हिमांशु के समझ में नहीं आया तो परिजन स्थानीय पुलिस से हिमांशु की शिकायत किए इस पर पुलिस ने कोई कठोर कार्रवाई करने के बजाए पंचायत कराने में लग गई और हिमांशु को थाने में बैठा कर पंचायत कराई गई लेकिन हिमांशु थाने से निकलने के बाद धमकी देने लगा और और गुरुवार की भोर खुशी के घर पहुंच गया और अकारण झगड़ा करने लगा जब खुशी की मां ने विरोध किया तो हिमांशु ने खुशी पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया और मां ने बचाने का प्रयास किया तो मां के ऊपर भी वार किया और मौके से फरार हो गया । धारदार हथियार से जख्मी मां एवं पुत्री को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा लाया गया जहां खुशी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है । लड़की की मां विंध्यवासिनी देवी ने बताया कि कई दिनों से हिमांशु रास्ते में रोककर खुशी के साथ छेड़छाड़ करता था जब इसकी शिकायत मेरे द्वारा अहरौरा पुलिस चौकी में की गई तो पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया । मां का आरोप हैं कि वह कई दिनों से बीच रास्ते में रोक कर हिमांशु धमकी देता था और कहता है तुम मुझसे शादी करो नहीं तो मैं जान से मार दूंगा । इस संबंध में चौकी प्रभारी अहरौरा नगर ने बताया कि घटना की तहरीर दर्ज कर ली गई है आरोपी फरार है ।

जाति धर्म से ऊपर उठकर करें मतदान : राकेश रौशन

पीडीडीयू नगर। जिला निर्वाचन अधिकारी चंदौली के निर्देश पर जिला प्रभारी स्वीप अजितेंद्र नारायण के सहयोग से स्वीप के तहत जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को जिला स्वीप आईकॉन राकेश यादव रौशन ने सकलडीहा विधान सभा के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय नैढ़ि के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आगामी 7 मार्च को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई।तत्पश्चात मुस्लिम बाहुल्य इस गांव में रैली के द्वारा घर-घर जाकर जाकर महिलाओं,80 वर्ष के बुजुर्गों,दिव्यांगों और युवाओं से मिलकर उनसे 7 मार्च को मतदान करने की अपील की।रैली के दौरान छात्र-छात्राएं 'खाना बाद में खाएंगे, पहले वोट देने जाएंगे'युवा शक्ति के तीन काम,शिक्षा सेवा और मतदान, पहले मतदान फिर जलपान'जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे।इस अवसर पर स्वीप आईकॉन राकेश यादव रौशन ने कहा कि बड़ी मुश्किल से हमें आजादी मिली है और इस आजादी की आत्मा लोकतंत्र में बसती है।लोकतंत्र का महापर्व मतदान हमारे जिले में 7 मार्च को होना है।यह वह दिन होता है,जब हम अपने विकास के लिए अपने मनपसंद का जनप्रतिनिधि और सरकार चुनते हैं।इस लिए मतदान बहुत सोच समझकर करने की जरूरत है। जाति,धर्म,आर्थिक प्रलोभन,दारू, मुर्गा,साड़ी आदि के बदले वोट देने से हमारा लोकतंत्र कमजोर होता है और हम विकास से दूर जाते हैं।राकेश रौशन ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक अच्छे व्यक्ति के पक्ष में निष्पक्ष और भयमुक्त होकर मतदान करने की जरूरत है।भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है मतदाताओं से डोर टू डोर मिलकर उनसे मतदान की अपील की जाय, जिससे विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अपने जनपद में अधिक से अधिक मतदान हो।इस बार 70 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है,जिसके तहत समाज के हर तबके के मतदाताओं को आगामी 7 मार्च को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा सेवाएं और मतदान- रितु पांडेय

प्रखर वाराणसी। महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष रितु पांडेय ने कहा कि नए भारत में आज हर वर्ग के व्यक्ति को लोकतांत्रिक देश में खुद के मौलिक अधिकार का ज्ञान पूर्ण रूप से है। किंतु फिर भी देश में औसतन मतदान केवल 50 से 60 फीसदी ही होते हैं ।इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि हर वोट कितना कीमती है। एक एक वोट की कीमत समझना है कैसे उस पर आने वाले 5 वर्ष का भविष्य निर्भर होता है ।देश की तरक्की, विकास, सुरक्षा, शिक्षा ,आर्थिक रूप से मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करें युवा वर्ग इस लिए अपने आप को देश का जिम्मेदार नागरिक मानते हुए अपने अधिकारियों का प्रयोग करें स्वयं मतदान करें लोगों को जागरूक करें जागरूक मतदाता बने और मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े और अपने देश को एक बड़ा लोकतांत्रिक और सशक्त देश बनाएं ।

नाटक के माध्यम से मतदान के लिए किया जागरूक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विस क्षेत्र में 20 फीसदी से कम मतदान वाले बूथों पर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय परसादपुर तत्वावधान में प्रेरणा कला मंच के कलाकारो द्वारा 'गिरोह बन्द' नामक एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण महिला पुरुषों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व और एक वोट की कीमत पर मतदाताओ को जागरूक किया और माफिया और अपराधी तत्वों को मत न देने की अपील की। अभियान में प्रेरणा कला मंच के समन्वयक ब्रह्मचारी पटेल व सहयोगी विजय भगत पटेल व अन्य साथियों नाटक की प्रस्तुति की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान चंद्रदेव पटेल, प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह, सत्यनारायण वर्मा,आनन्द तिवारी, परशुराम सोनकर, निर्मला पांडेय, मनीषा देवी, अंगेश कुमार सिंह , सन्तोष कुमार, सर्वेशकुमार, शशिकला समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वच्छता के जनक संत गाडगे की मनाई गई 146 वीं जयंती

प्रखर केराकत जौनपुर। उत्तर प्रदेश कन्नौजिया हितकारिणी समिति केराकत के तत्वाधान में केराकत तहसील क्षेत्र के बेहड़ा गॉव में गुरुवार की दोपहर स्वच्छता के जनक रहे संत गाडगे की 146 वीं जयंती मनाई गई।बतौर मुख्य अतिथि रहे बेहड़ा के ग्राम प्रधानपति राममूरत कनौजिया ने संत गाडगे महाराज व बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे राममूरत कनौजिया ने बाबा साहब व संत गाडगे महाराज के विचारों को रखते हुए बताया कि हमे गर्व होता हैं कि हमारे देश में अनगिनत महापुरुषों ने जन्म लिया।हम सभी को उनके बताये हुए आदर्शों पर चल कर ही हमे कामियाबी मिल सकती हैं स्वच्छता हम सभी की जीवन मे होनी चाहिए।कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए पठन-पाठन सामग्री का भी वितरित किया गया।पठन पाठन सामग्री पाकर खुशी से झूम उठे बच्चे। इस अवसर पर राम मूरत कन्नौजिया, समर बहादुर चौधरी, सुरेश चौधरी,शैलेंद्र चौधरी,जितेंद्र चौधरी,सन्दीप चौधरी,सुनील चौधरी, मेवा चौधरी, अशोक कन्नौजिया सहित आदि तमाम लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन केराकत समाजसेवी विनोद कुमार कनौजिया नें किया।

समय से वेतन न मिलने से शिक्षकों में आक्रोश-ज्योति भूषण त्रिपाठी

प्रखर चिरईगांव वाराणसी। अध्यापकों के जनवरी माह के वेतन का भुगतान अभी तक न होने पर उत्तरप्रदेशिय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति भूषण त्रिपाठी ने आक्रोश व्यक्त किया है।श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों से माह दिसम्बर में ही आयकर का आगणन ले लिया

गया था लेकिन आयकर के जाँच के नाम पर अभी तक वेतन का भुगतान विभाग द्वारा न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। विभाग के इस उदासीनता पूर्ण रवैये से शिक्षक आक्रोशित हैं। यदि जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं होता है तो अध्यापक आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

अनियंत्रित ट्रेलर सीमेंट लदे ट्रक को मारी टक्कर खलासी गंभीर रूप से घायल ड्राइवर बाल-बाल बचा

प्रखर गंभीरपुर आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बिंद्रा बाजार स्थित नेशनल हाईवे पटेल ढाबा के सामने गुरुवार की सुबह लगभग 10:00 बजे अनियंत्रित ट्रेलर रोड के किनारे खड़े सीमेंट लदे ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें गाड़ी में बैठा खलासी शहादत पुत्र अज्ञात गंभीर रूप से घायल हो गया वही ड्राइवर सुराजुद्दीन बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के

अनुसार श्री राम इंटरप्राइजेज वाराणसी की ट्रेलर गाड़ी गिट्टी लादकर सरायमीर जा रही थी बिंद्रा बाजार स्थित पटेल ढाबा के सामने जैसे ही ट्रेलर पहुंचा अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खड़ी सीमेंट लदे ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें गाड़ी पर सवार खलासी शहादत गंभीर रूप से घायल हो गया अगल बगल के लोग आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

मोदी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल में देश में अमीरों की संख्या बढ़ी व गरीबी रेखा से नीचे आने वाले लोगों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई : राजेशपति त्रिपाठी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आल इन्डिया तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय समिति के सदस्य और उत्तर प्रदेश के संयोजक पंडित राजेशपति त्रिपाठी ने अपने औरंगाबाद आवास में आयोजित पहली पत्रकार वार्ता में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुये कहा कि पार्टी की सर्वोच्च नेता नेशनल चेयर परसन और बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी के दिशानिदेर्शों के अनुसार उत्तर प्रदेश में चल रहे विधान सभा चुनाव में टी ० एम ० सी ० पार्टी समाजवादी पार्टी और उसके गठबन्धन के प्रत्याशियों का समर्थन कर रही है । श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि देश में सांप्रदायिक शक्तियों को परास्त करने और बढ़ती हुई महंगाई , बेरोजगारी , और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा कानून और व्यवस्था को सुधारने के साथ - साथ समाज में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए ही पार्टी ने यह निर्णय लिया है उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल में देश में अमीरों की संख्या बढ़ी है और गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है , देश के 2 % पूंजीपतियों के हाथ में देश की अर्थव्यवस्था सिमट कर रह गई है इसके चलते देश में अमीर और अ 1 अमीर होते जा रहे हैं गरीबों को गरीबी की और अधिक खाई में धकेला जा रहा है मोदी राज में देश के सौ पूंजीपतियों के हाथ में जितनी पूजी है उतनी ही पूंजी देश के 98 प्रतिशत लोगों के पास है , प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा देश की नवरत्न कम्पनियों सहित देश के रेल और हवाई अड्डों को बेचकर बेरोजगार और शिक्षित नौजवानों के सपनों को तोड़ा है, जिससे देश में गरीबी और असमानतः तेजी से बढ़ रही है , कुल मिलाकर देश में भयानक आर्थिक असमानता बढ़ रही है जिसके कारण पूरा देश आर्थिक अराजकता का शिकार होता जा रहा है । लोंगों को यह भी समझना होगा कि एक तरह से यह विधान भी हो रहा है । सभा चुनाव अमीरी और गरीबी के बीच श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है यह चुनाव तय करेगा कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान पीढ़ी खासकर के युवाओं का भविष्य क्या होगा ? इसलिये समाज के सभी तबकों को अपने वर्तमान और भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करने और सांप्रदायिक तथा विभाजनकारी शक्तियों को परास्त करने के लिए एकजुट होकर के साथ आने की आवश्यकता है । ऐसे हीं गुरूतर सामाजिक दायित्वों को ध्यान में रखते हुये हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन के प्रत्याशियों को समर्थन देने का निर्णय किया है जिसे हमारी पार्टी के समस्त कार्यकर्ता पूरी शक्ति के साथ मिलजुलकर पूरा करेगे।

रतनूपुर पीजी कालेज में रस्साकसी एवं लम्बी कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। जनता पीजी कालेज रतनूपुर परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन रस्साकसी की रोमांचकारी प्रतिस्पर्धा के साथ लम्बी कूद की भी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। आज गुरुवार को वाणिज्य संकाय की बालिकाओ ने रस्साकसी की प्रतियोगिता में इण्टर कालेज की बालिकाओं को पराजित किया जबकि पीजी कालेज के बालको ने इसी स्पर्धा के एक रोमांचकारी मुकाबले में अंतिम समय मे इण्टर कालेज को परास्त करने में सफलता पायी।लम्बी कूद बालक वर्ग में शिवम यादव मनीष यादव तथा अंकित को क्रमश पहला दूसरा व तीसरा स्थान मिला। बालिकाओं में मनीषा यादव ने लम्बी छलांग लगाकर प्रथम सोनाली सिंह द्वितीय एवं जुली यादव तृतीय रही।इस मौके पर प्राचार्य डॉ आशुतोष तिवारी डॉ अजय यादव धीरेंद्र सिंह मोहन गोंड संध्या सिंह सुनीता राजभर रीता गौतम यादवेंद्र यादव राजेश सिंह जगदीश पटेल विश्वनाथ सिंह रविशंकर सिंह बीरेंद्र बहादुर सिंह नीरज सिंह तथा अमित सिंह मौजूद रहे।

आठ मार्च से चलेगा मिशन इंद्रधनुष अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का चौथा चरण आठ मार्च से 15 मार्च तक चलेगा। इसके तहत टीकाकरण से छूटे दो साल तक के बच्चों व गर्भवती का टीकाकारण किया जाएगा। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ. हरगोविंद सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैठक की गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि 24 से 26 फरवरी तक जनपद में कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ता क्षेत्र में भ्रमण कर टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों व गर्भवती को चिन्हित करेंगी। इनका डाटा ई कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद टीम बनाकर आठ से 15 मार्च तक टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे साल गर्भवती और बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। फिर भी बहुत कुछ बच्चे टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं। ऐसे ही लोगों के लिए शासन द्वारा सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 अभियान चलाया जाएगा। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम और बीसीपीएम को निर्देशित किया कि वह संबन्धित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता को टीकाकरण से छूटे बच्चों व गर्भवती के सर्वे में तत्काल लगा दें जिससे समय से सूची तैयार कर टीकाकरण से आच्छादित किया जा सके। टीकाकरण से बच्चों व गर्भवती व गर्भस्थ शिशु को कई बीमारियों से बचाया जा सकता है। बैठक में एसीएमओ डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. डी.पी. सिन्हा, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. एसडी वर्मा, ब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. विनय शंकर, यूएनडीपी के प्रवीण उपाध्याय, यूनिसेफ से अजय उपाध्याय, चाई के मणिशंकर और अन्य लोग मौजूद रहे।

कालाजार उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बालू मक्खी से होने वाले कालाजार के उन्मूलन के लिए शासन स्तर और विभाग द्वारा कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला मलेरिया कार्यालय सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह ने की। डब्ल्यूएचओ से एनटीडी के जोनल कोआर्डिनेटर डॉ. राहुल ने स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया। वेक्टर जनित रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. डी.पी. सिन्हा ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से कालाजार होता है। मक्खी को न पनपने देना कालाजार से बचने का आसान एवं सुलभ तरीका है। इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आईआरएस का छिड़काव भी समय समय पर करवाया जाता है। जनपद में जुलाई 2021 के बाद से अब तक एक भी

कालाजार का मरीज नहीं मिला है। जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कालाजार उन्मूलन के लिए मंगलवार को स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पाँच ब्लॉक के लैब टेक्नीशियन, हेल्थ सुपरवाइजर ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षणोंपरांत ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए सहयोग लिया जा सकेगा। इस मौके पर जोनल को आर्डिनेटर डॉ. राहुल ने बताया कि बालू मक्खी नमी और अंधेरे वाली जगहों पर पाई जाती है जो छः फीट की ऊंचाई तक ही उड़ सकती हैं। आरएनटीडी की डॉ. सुचेता शर्मा ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से मरीज को दो हफ्ते से ज्यादा बुखार आना एवं भूख न लगना आदि समस्या हो सकती हैं। ऐसे में तुरंत चिकित्सक की सलाह पर जांच करवा लेनी चाहिए। जिला वेक्टर बोर्न डिजीज कंसलटेंट अंकिता त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में आरके-39 किट उपलब्ध है, जिससे जांच की जाती है। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन, हेल्थ सुपरवाइजर सहित अरुण व अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

प्रखर जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन में अपराध व अपराधियों तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाया गया विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम चौधरी के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देश में थाना केराकत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत व उपनिरीक्षक रामाश्रय यादव व हेड कांस्टेबल जयचंद यादव कांस्टेबल जितेंद्र यादव कांस्टेबल सत्येंद्र यादव के द्वारा आज मुकदमा संख्या 77/22 धारा 363366 भादवि0 से संबंधित अभियुक्त अमन सरोज पुत्र बुट्टन निवासी आजाद नगर मुरारा थाना केराकत जौनपुर को करीब 10:30 देवकली बाजार से गिरफ्तार कर चालान संबंधित न्यायालय के लिए भेजा गया।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

प्रखर सन्तकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक जनपद डा0 कौस्तुभ के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सुकशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का पालन कराये जाने हेतु जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान व संदिग्ध व्यक्तियों / वाहनों की चेकिंग हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को जनपद के समस्त थाना प्रभारी / थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल और पीएसी बलों के साथ महत्वपूर्ण स्थानों / मार्गों पर संदिग्ध व्यक्ति / वाहनों की चेकिंग की जा रही है साथ ही जनपद के विभिन्न सीमाओं पर एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है।

मतदाता जागरूकता वाहन के साथ निकली रैली, विशेष शिविर का तीसरा दिन !

प्रखर जौनपुर। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें मतदाता जागरूकता वाहन जो पूर्वांचल विश्विद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम द्वारा भेजा गया था के साथ , एनएसएस शिविर के सभी छात्र छात्राओं और महाविद्यालय के सभी कार्मिकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली । रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ राघवेंद्र पांडेय ने रवाना किया । रैली में बड़ी तादाद में उपस्थित शिविरार्थियों ने महाविद्यालय के आस पास के गांवों में मतदान स्लोगन और बैनर के साथ मतदान करने की अपील करते दिखे । रैली का संचालन महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक एवं पत्रकार पंकज कुमार मिश्रा ने किया जबकि रैली में का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम

अधिकारी डॉ एन पी मिश्र , कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीनिवास तिवारी एवं डॉ संजय यादव के निर्देशन में किया गया । रैली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चक्के द्वारा गोद लिए गए गांव जरहिला कला , भडेहरी और रामपुर गांव में होकर गुजरी और लोगो से मतदान जरूर करने की अपील की गई । तीसरे दिन गुरुवार को शिविर संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया चक्के शाखा प्रबंधक श्री नवनीत मिश्र जी रहे जिन्होंने कार्यक्रम की औपचारिक शुरआत मां सरस्वती जी और संस्थापक जी के छायाचित्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर-के की ,जबकी विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनुज कुमार शुक्ल जी रहे । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीनिवास तिवारी जी और महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पत्रकार पंकज कुमार मिश्रा ने किया जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन पी मिश्र जी ने किया । इस अवसर पर डॉ संजय यादव ,श्री कृष्ण कुमार मिश्रा, सुरेश इत्यादि उपस्थित रहे ।

डीएम एसपी द्वारा मतगणना स्थल व ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण

प्रखर संतकबीरनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल व मतदान के पश्चात ईवीएम जमा करने हेतु बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल हीरालाल राम निवास डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरों, एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को चेक लिस्ट के अनुसार पूरी बिन्दुवार जानकारी ली गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्रा सहित अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने सपा प्रत्याशी जय चौबे के पक्ष में मांगा समर्थन

प्रखर सन्तकबीरनगर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने गुरुवार को खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव में जनसंपर्क कर सपा प्रत्याशी दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के पक्ष में लोगों वोट करने की अपील किया। जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशी जय चौबे ही एक ऐसे प्रत्याशी हैं जो सर्व समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करते है। इसलिए उन्हें सर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। श्री यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशी जय चौबे ही एक ऐसे विधायक रहे जो हमेशा जात पात धर्म से ऊपर उठकर सभी धर्म के लोगों का हर संभव मदद किया है। इसलिए खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें उन्हें दोबारा विधायक बनाने का मन बना चुका है।

निःशुल्क महिला स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में महिलाओं का उमड़ा जनसैलाब

प्रखर मोढ़ भदोही। सुरियावां विकास खंड के सियरहां गांव में स्वयं सेवी संस्था माय होम इंडिया के भदोही इकाई के सहयोग से कल्याण हॉस्पिटल मोढ़ द्वारा निशुल्क महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन गांव के पंचायत भवन में किया गया। महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प में कोविड-19 से बचाव के बारे में सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क वितरण किया गया इसके पश्चात महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्ट्र सीताराम मिश्रा और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज गौर के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाइयों का वितरण किया गया सैकड़ों महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण करा उपचार कराया। इस मौके पर ग्राम सभा के प्रधान का रहा सहयोग ग्राम प्रधान ने लाभान्वित ग्राम वासियों की तरफ से अस्पताल प्रशासन व स्वयंसेवी संस्था का आभार प्रकट किया।

स्वयंसेवी संस्था के जिला संयोजक सुशील मिश्रा द्वारा बताया गया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया जा रहा है वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज गौर द्वारा सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है इस कारण प्रत्येक बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य परीक्षण महिलाओं का होगा डॉ पंकज गौर ने बताया कि महिलाओं द्वारा अकेले में समस्या बताई जाती है नॉर्मल कैंपों में वे खुलकर अपनी समस्या नहीं बता पाती इस मौके पर संस्था के आधा दर्जन से अधिक महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

केराकत में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

प्रखर केराकत जौनपुर। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन जगह-जगह लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। बुधवार रात सीओ शुभम तोडी के निर्देश पर कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने कोतवाली थाना क्षेत्र के बनारस और आजमगढ़ बार्डर पर वाहनों और क्षेत्र में पड़ने वाले शराब के दुकानों की जांच की। इसके पहले रात को सीओ के साथ पुलिस ने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न शराब की दुकानों की औचक निरीक्षण किया। पुलिस की जांच पर दुकानों पर अफरा-तफरी मच गई थी। इस मौके पर पुलिस ने दुकानदारों से अवैध स्टॉक नहीं रखने और नियम विरुद्ध बिक्री नहीं करने और मिलावटी शराब नहीं बेचने की हिदायत दी। चुनाव को मद्देनजर रखते हुए हर जगह चेकिंग अभियान किया जा रहा है। किसी भी गाड़ी में शराब गांजा पैसे ना जाए इसलिए, लगातार चेकिंग किया जा रहा है। सरकी आजमगढ़ बॉर्डर और बनारस बॉर्डर चार पहिया वाहनों को रोक रोकर चेक किया जा रहा है। विभिन्न पुलिस चौकियों ने भी अपने अपने क्षेत्रों में वाहनों और शराब की दुकानों पर जांच अभियान चलाया। मुफ्तीगंज में चौकी इंचार्ज गोविंददेव मिश्रा एसएसआई शेषनाथ सिंह आदि ने जांच की।

धूमधाम से स्वच्छता के जनक संत गाडगे जी की मनाई गई 146 वीं जयंती

प्रखर केराकत जौनपुर। उत्तर प्रदेश कन्नौजिया हितकारिणी समिति केराकत के तत्वाधान में केराकत तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बेहड़ा केराकत में स्वच्छता के जनक संत गाडगे जी की 146 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें बाबा साहब के विचारों को रखा गया एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए बच्चों में पठन-पाठन सामग्री का भी वितरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेहडा. (प्रधान पति) राममूरत कन्नौजिया रहे। इस अवसर पर राम मूरत कन्नौजिया, समर बहादुर चौधरी, सुरेश चौधरी,शैलेंद्र चौधरी,जितेंद्र चौधरी,सन्दीप चौधरी,सुनील चौधरी, मेवा चौधरी, अशोक कन्नौजिया सहित आदि तमाम लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन केराकत समाजसेवी विनोद कुमार कनौजिया नें किया।

मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत में 7 मार्च को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिये मतदाता जागरूकता बाईक रैली निकाली गई। विकासखंड केराकत के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ-साथ एक एक अध्यापक जागरूकता अभियान में सम्मिलित हुए। आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय केराकत के प्रांगण से केराकत तहसीलदार राम सुधार, खंड शिक्षा अधिकारी केराकत राजेश यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली स्टेशन रोड होते हुए ब्लॉक रोड केराकत होते हुए सरायबीरु चौराहे से मेन रोड बाईपास से नया चौराहा होते हुए सिहौली चौराहा से बीआरसी बांसबारी होते हुए थानागद्दी पहुंचीं।

विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी पप्पू कुमार भारती नें किया जन संपर्क

प्रखर केराकत जौनपुर। विकासशील इंसान पार्टी केराकत 372 के प्रत्याशी नें किया जन सम्पर्क। विभिन्न जगहों पर रुक रूक कर प्रत्याशी पप्पू कुमार भारती नें अपनें समर्थकों के साथ जनसम्पर्क के दौरान कहा कि आप सभी लोग मेरे पक्ष में 7 मार्च को नाव के सामनें वाला बटन दबाकर भारी मतो से विजयी बनानें की अपील किये। प्रत्याशी पप्पू कुमार भारती नें कहा कि जनता बीजेपी सरकार से आजिज हो चुकी है। धरातल पर कोई कार्य नही किया है। उन्होंने लोगों से कहा की भाजपा के योगी के कार्यकाल में गरीबों से थाली में खाना तो दूर थाली भी छीन लिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं